* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 अगस्त, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 284

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


एक लाख लोगों को दी नौकरी, 83 फीसदी नियुक्ति मूलवासियों की






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,500 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# भाजपा विधायकों के आंदोलन में हिमंता बिस्वा सरमा की छाप

## ■ साढ़े चार साल में पहली बार भाजपा के विधायक इतने तेवर में

## ■ पार्टी की चुनावी तैयारियों की शुरुआत का संकेत है विधानसभा का घटनाक्रम

## ■ डेमोग्राफी, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के साथ बालू पर भी करेगी दो-दो हाथ

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के राजनीतिक दल पूरी तरह तैयार हैं। इन तैयारियों का अंदाजा पांचवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के अंतिम तीन दिन में हुई घटनाओं से मिल जाता है। इन तीन दिनों में झारखंड विधानसभा में वह सब कुछ हुआ, जो आज से पहले कभी नहीं हुआ था। विपक्ष के विधायकों ने सदन स्थगित होने के बाद विधानसभा के बरामदे में रात काटी, 18 विधायकों को सदन से निलंबित किया गया और फिर इन विपक्षी विधायकों ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री के चेंबर का घेराव किया और बालू की मंडी सजायी। विधानसभा के ये घटनाक्रम बताते हैं कि विपक्ष, खासकर भाजपा अब चुनाव में जाने के लिए कितनी बेसब्र और तैयार है। यह विधानसभा चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होनेवाला है। भाजपा जहां महागठबंधन सरकार को सत्ता से हटा कर राज्य की सत्ता में अपनी वापसी कर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की कोशिश में है, वहीं इंडिया गठबंधन एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में है। इन सबके बीच विधानसभा का घटनाक्रम बताता है कि भाजपा कितने आक्रामक अंदाज में चुनाव मैदान में जानेवाली है। दरअसल 2019 में सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा का तेवर कहीं से भी आक्रामक नहीं रहा। पिछले पांच साल के दौरान उसने सदन के भीतर और सोशल मीडिया पर विपक्षी तेवर तो दिखाये, लेकिन आम जन मुद्दों पर सड़क पर उतर कर मुखर तरीके से आंदोलन नहीं किया। भाजपा विधानसभा के अंतिम सत्र में जिन मुद्दों पर सरकार और सत्ता पक्ष को घेर रही है, इसमें से सभी मुद्दे लगभग पांच साल पुराने हैं, यानी 2019 के चुनाव के पहले के। इन पांच सालों में इन मुद्दों पर कभी भी भाजपा इस तरह से आक्रामक नहीं हुई। न विधानसभा सत्र के दौरान और न ही जिला और ब्लॉक स्तर पर। पहले बाबूलाल मरांडी को प्रदेश की कमान सौंपने और फिर शिवराज सिंह चौहान-हिमंता बिस्वा सरमा की चुनाव प्रभारी- सह प्रभारी के रूप में तैनाती ने अब झारखंड भाजपा को आंदोलन करने का रास्ता दिखा दिया है। खुलेआम यह चर्चा होने लगी है कि आज भाजपा के विधायक जो कुछ भी कर रहे हैं, उनकी ऊर्जा उन्हें शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा ने ही दी है। तरीका भी उन्होंने ही सुझाया है। इस आक्रामकता का विधानसभा पर क्या असर पड़ेगा। यह भाजपा के पक्ष में जायेगा या इससे उससे पटकनी मिलेगी, यह तो चुनाव के समय ही पता चलेगा, लेकिन इस तेवर ने पहली बार विधानसभा में विचित्र स्थिति पैदा कर दी है। अब तक झारखंड विधानसभा में जो कुछ नहीं हुआ, वह अब देखने को मिल रहा है। भाजपा जहां इसे लोकतांत्रिक अधिकार के तहत किया गया कृत बता रही है, वहीं सत्ता पक्ष इसे हुड़दंगई करार दे रहा है। क्या है झारखंड भाजपा का यह नया तेवर और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड की पांचवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के अंतिम तीन दिन में जो कुछ हुआ, वह राज्य के विधायी इतिहास के लिए अभूतपूर्व तो था ही, साथ ही इसने विपक्षी दल भाजपा के नये अवतार को भी सामने रखा है। 2019 का चुनाव हारने और सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा ने पहली बार ऐसा तेवर दिखाया है। जानकार कह रहे हैं कि यह तेवर राज्य में आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर अपनाया गया है, ताकि पार्टी राज्य की खोयी हुई सत्ता को दोबारा हासिल कर सके। इसका प्लान चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने ही तैयार किया है। वैसे भी हिमंता बिस्वा सरमा अपने आक्रामक तेवर के कारण जाने जाते हैं। और यह सब कुछ हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में रहने के दौरान ही हुआ है।

### धरना-प्रदर्शन से घेराव और बालू की मंडी तक

विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम तीन दिन भाजपा ने राज्य के सियासी माहौल को पूरी तरह गर्म कर दिया। पहले सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ सदन के अंदर धरना और बाद में विधानसभा के गलियारे में रात काटने के बाद दूसरे दिन 18 विधायकों के निलंबन के कारण भाजपा की गतिविधियों की तरफ आम लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश की गयी। इसके बाद सत्र के अंतिम दिन तो भाजपा के विधायकों ने जिस तरह विधानसभा भवन में सीएम के चेंबर का घेराव किया, नारेबाजी की और फिर बालू की मंडी सजा कर विरोध किया, उससे साफ हो गया कि पार्टी अब आक्रामक तेवर अपना चुकी है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि भाजपा इसे विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से चुनावी मुद्दा बनायेगी।

### भाजपा ने तय कर दिये हैं चुनावी मुद्दे

झारखंड भाजपा वास्तव में पांच साल में पहली बार इतनी आक्रामक हुई है और चुनाव को देखते हुए मुद्दे भी तय करने लगी है। पहले संथाल परगना में घुसपैठ और डेमोग्राफी में बदलाव के मुद्दे को उठा कर उसने आम जन का



भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश की। पाकुड़ में हुई घटना ने और खासकर छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई ने भाजपा को महागठबंधन सरकार पर हमला करने का एक अवसर दे दिया। वह इसका भरपूर इस्तेमाल कर रही है। पहले बाबूलाल मरांडी पाकुड़ गये। उसके बाद हिमंता बिस्वा सरमा वहां धमके। गुरुवार को दोनों पाकुड़ और दुमका में रहे। वहां से लौटने के बाद हिमंता बिस्वा सरमा ने भाजपा विधायकों के साथ बैठक की और उसमें सत्र के अंतिम दिन भाजपा विधायकों को क्या करना है, इसकी रणनीति बनी। सत्र शुरू होने से पहले भाजपा के निलंबित विधायक विधानसभा परिसर में पहुंच गये और वहां उन्होंने बालू की मंडी सजा दी। यही नहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री के चेंबर के सामने बैठ कर वादाखिलाफी के खिलाफ लगातार नारे लगाये। इन आंदोलनों का झारखंड की जनता पर क्या प्रभाव पड़ेगा और भाजपा को क्या लाभ मिलेगा, यह तो अभी नहीं पता, लेकिन आंदोलन के माध्यम से भाजपा विधायकों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, यह दिख रहा है। आंदोलन से उसने यह भी बता दिया है कि इस विधानसभा चुनाव में वह भ्रष्टाचार, बालू का मुद्दा, स्थानीय और नियोजन नीति को बड़ा मुद्दा तो बनायेगी ही, साथ ही महागठबंधन सरकार की वादाखिलाफी को भी उजागर करेगी।

### बालू पर भी खूब होगा झकझूमर

इधर झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन भाजपा ने अपने आंदोलन को बालू की तरफ मोड़ दिया। झारखंड में बालू के मुद्दे पर सालों से राजनीति होती रही है। भाजपा हमेशा से सत्ता पक्ष पर बालू को लेकर कई गंभीर आरोप लगाती रही है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने सदन के अंदर ही गरीबों को मुफ्त में बालू देने की घोषणा की थी। इसके खिलाफ भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर एक सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये किलो की दर से बालू बेच कर सरकार की बालू नीति का विरोध किया। भाजपा विधायकों ने कहा कि राज्य में किसी भी गरीब को मुफ्त बालू नहीं मिल रहा है। सरकार की अकर्मण्यता और बालू की कालाबाजारी से एक ओर जहां बालू के दाम आसमान छू रहे हैं, तो दूसरी ओर सरकार चुनाव को सामने देख सिर्फ राज्यवासियों को भरमाने के लिए लोकलुभावन घोषणा कर रही है। इससे यह तय हो गया कि भाजपा इस विधानसभा चुनाव में बालू को भी एक बड़ा मुद्दा बनायेगी।

इसके अलावा भाजपा के लिए चिंता की बात यह भी है कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा की पांच सीटों में उसे एक भी नहीं मिली, जिनके अंतर्गत 28 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है।

### ओबीसी पर नजर, पर सवर्ण पर भी फोकस

लोकसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर हार का सामना करने के बाद भाजपा ने विधानसभा चुनाव में ओबीसी वोट बैंक को साधने पर फोकस किया है। इसके अलावा पार्टी ने अपने पारंपरिक सवर्ण वोट को भी नाराज नहीं करने पर ध्यान दिया है। भाजपा ने इसी कसरत के तहत शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा की नियुक्ति की है। इनमें शिवराज ओबीसी हैं, तो सरमा सवर्ण हैं। इन दोनों नेताओं ने आदिवासियों के बाद अब ओबीसी और सवर्ण वोटरों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है।

### चौहान-सरमा के कारण हुआ यह बदलाव

भाजपा ने झारखंड विधानसभा का चुनाव जीतने के लिए इस बार कुछ भी करने के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव में राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल करने से उत्साहित पार्टी ने अपने दो कद्दावर नेताओं, शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में तैनात किया। इनकी पहचान आक्रामक चुनावी रणनीतिकार के रूप में हैं। इन दोनों नेताओं ने पिछले करीब डेढ़ महीने में प्रदेश भाजपा के भीतर नयी जान फूंक दी है। इन दोनों नेताओं ने साफ कर दिया है कि पार्टी पूरी आक्रामकता के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। विधानसभा का ताजा घटनाक्रम इसी रणनीति का परिणाम है।

यह बात दीगर है कि सत्ता पक्ष और खासकर झामुमो शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को चुनाव प्रभारी बनाये जाने के बाद यह आशंका जतायी है कि ऐसा राज्य को अस्थिर करने और वितंडा खड़ा करने के लिए ही भाजपा ने किया है, लेकिन भाजपा तो इन दोनों को अपना बड़ा हथियार मान रही है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि झारखंड की अस्मिता का सवाल है : हिमंता बिस्वा सरमा

अभिजीत अधर्जी

- ■ भाजपा का मुद्दा विधायक जिताना नहीं बल्कि झारखंड को बचाने का है
- ■ झारखंड सरकार लिख कर दे दे कि राज्य से घुसपैठियों को भगाने की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है, हम विचार करेंगे
- ■ भाजपा हिंदू समाज का घर है, हिंदू समाज एकत्रित होना चाहिए, सुरक्षित रहना चाहिए
- ■ राहुल गांधी से यह फार्मूला सीखना होगा कि बिना अपनी जाति बताये, जाति जनगणना कैसे होती है
- ■ भाजपा अगर हिंदू-मुसलमान कर रही तो कांग्रेस तो केवल मुसलमान-मुसलमान कर रही

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा झारखंड के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहा उनके पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेमोग्राफी का सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा हो रहा है। वहां बांग्लादेशी घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो रहा है। अगर हालात नहीं सुधारे गये तो आने वाले 20 साल में झारखंड का मुख्यमंत्री भी कोई घुसपैठिया ही बन जायेगा। संथाल परगना के गांव में जहां आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा, उनकी जमीन छीनी जा रही वहां पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री को जाने से रोका जाना यह बताता है कि स्थिति कितनी भयावह है। ऐसा लगता है कि हेमंत सरकार यह मान चुकी है कि पाकुड़ का गोपीनाथपुर झारखंड में नहीं बल्कि बांग्लादेश में है। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा हेमंत सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के संथाल परगना के कई विधानसभा क्षेत्र में घुसपैठियों की समस्या बनी हुई है। कई विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट में 120%से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।



झारखंड में वर्ष 1951 में मुस्लिम जनसंख्या सिर्फ 12-14% थी परंतु बांग्लादेश से आये घुसपैठियों के कारण अब जनसंख्या 40-42% हो गयी है। पश्चिम बंगाल में भी तकरीबन 30% मुस्लिम जनसंख्या हो गयी है। मुर्शीदाबाद की एक टीएमसी विधायक जो मुस्लिम हैं वो कह रहे हैं कि मुस्लिम आबादी 70% हो गयी है तो 30% को हम जब चाहे भगा सकते हैं। ऐसी ही घटना पाकुड़ जिले के तारानगर एवं गोपीनाथपुर में हुई। 2 गांव के 50 से ज्यादा परिवार पाकुड़ सदर में आके बैठे हुए हैं। साथ ही मैं गायबथान गया वहां आदिवासी परिवार के जमीन पर घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है, 2015 में ही हाइकोर्ट का फैसला हुआ कि जमीन लौटा दो लेकिन प्रशासन सहयोग नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राजनीति चलती रहेगी, सरकार आयेगी, जायेगी लेकिन प्रदेश बचाना हम सभी पार्टियों की जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि आप घुसपैठियों एवं डेमोग्राफी चेंज के मुद्दों को नजरअंदाज मत कीजिए। अगर अभी नहीं संभले तो 30 साल के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री सदन के अंदर घुसपैठियों के सामने समर्पण करते दिखायी देंगे।

भाजपा सरकार आने के बाद घुसपैठियों की समस्या पर उन्होंने कहा कि सबसे पहले झारखंड में जनता की बीच इस विकराल समस्या को लेकर एक चर्चा का माहौल बने। उन्होंने झारखंड के स्थानीय पत्रकारों को असम आकर घुसपैठियों की समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी लेने को कहा। असम के घुसपैठियों का एक निश्चित पैटर्न है जो हिंदू बहुल गांव में जाकर गौहत्या कर अपनी जगह बनाते हैं और धीरे-धीरे पूरे गांव को भगा देते हैं। यही पैटर्न पाकुड़ जिले में भी देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आने के बाद पहले से झारखंड में मौजूदा जमीन कानून की सहायता से घुसपैठियों को बाहर निकालने की भरपूर प्रयास करेगी। असम के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने वहां के सारे मदरसों को बंद करके चंडीगढ़ जितना बड़ा क्षेत्र घुसपैठियों से मुक्त कराया है। लेकिन जो क्षति पहुंचनी थी वो पहुंच चुकी है। घुसपैठियों की समस्या में असम पहले स्थान पर, बंगाल दूसरे, झारखंड तीसरे और त्रिपुरा चौथे स्थान पर आ गया है।

घुसपैठियों की मुद्दा हमारे लिए चुनावी मुद्दा नहीं है ये झारखंड एवं आदिवासियों के भविष्य एवं अस्मिता का मुद्दा है। झामुमो एवं कांग्रेस द्वारा भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम करने के आरोप पर उन्होंने कहा कि देश में आजादी के समय से ही हिंदू मुस्लिम का मुद्दा है। कांग्रेस-झामुमो तो हमेशा से ही मुस्लिम वोट बैंक के खातिर काम करती है और देश में हिंदू मुस्लिम एक मुद्दा है और झारखंड में भी यह मुद्दा है।

राहुल गांधी के जातिगत जनगणना पर उन्होंने कहा कि सबकी जाति पूछने वाले अपनी खुद की जाति नहीं बता पा रहे हैं। उनको ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। संगठन के बैठक पर उन्होंने कहा कि हम चुनाव झारखंड और झारखंड की अस्मिता बचाने के लिए लड़ रहे हैं। 'घुसपैठ केंद्र का विषय है' झारखंड सरकार के इस आरोप पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र को चिट्ठी लिखकर दें कि घुसपैठ की समस्या केंद्र देखे तो उनको हीरो बोलूंगा। केंद्र सरकार अगर कार्रवाई नहीं करती है तो मुझसे सवाल जरूर करें।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा भी मौजूद रहे।

## बाबूलाल मरांडी का सवाल

# झारखंड में भी एक मिनी पाकिस्तान बन रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूछा कि क्या झारखंड में भी एक मिनी पाकिस्तान बन रहा है। यहां की सरकार काम नहीं कर रही। सवाल पूछने पर पीट रही है। खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने झारखंड सरकार से खूंटपानी के मेजोडिंबा मौजा में कोल्हान आवासीय विद्यालय का भवन जल्द से जल्द बनाने की मांग की।

बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मीडिया से बात करते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर जवाब देने से भाग रही है। सभी विधायक सरकार से उनके चुनावी वादे को याद करा रहे हैं। पूछ रहे हैं कि आखिर वादे कितने पूरे हुए है। साथ ही सभी विधायक मांग कर रहे हैं कि सीएम हेमंत इसका जवाब दें, लेकिन उल्टा सरकार के द्वारा विपक्ष के विधायकों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का हिस्सा है पाकुड़, लेकिन वहां जाने से असम के मुख्यमंत्री को रोका जा रहा है। आखिर क्या पाकुड़ का गोपीनाथपुर पाकिस्तान का हिस्सा है। क्या पाकुड़ को मिनी पकिस्तान बनाया जा रहा है।



### रौतिया जाति को योजनाओं का लाभ न देने का मामला उठाया

रांची। विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान रौतिया जाति को आदिवासियों की तरह आवासीय विद्यालयों में नामांकन, चिकित्सा अनुदान, कानूनी सहायता, समाज कल्याध विभाग की योजनाओं का लाभ न देने का मामला उठाया। विधायक ने सरकार से पूछा कि सरकार द्वारा रौतिया जाति के लोगों को आदिवासियों की तरह सभी सुविधा देने की बात की गयी है, लेकिन इस जाति के लोगों का अब तक कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 12817 दिनांक 17 11 2012 द्वारा परिचालक वर्गों की सूची अनुसूची 2 के क्रमांक 25 में रौतिया जाति का उल्लेख है।

03 अगस्त, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 284

एमसीएल के सीएसआर के तहत 100 युवाओं को यूपीएससी/ओपीएससी कोचिंग दी जायेगी




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## सीएम ने विस सत्र के अंतिम दिन सदन में विपक्ष पर किया जवाबी वार

# एक लाख लोगों को दी नौकरी, ८३ प्रतिशत नियुक्ति मूलवासियों की

- शहीद अग्निवीरों के परिजनों को नौकरी और अनुग्रह राशि मिलेगी
- भाजपा ने जमीन लूट कर राज्य भर में अपना कार्यालय बनवाया
- ये जमीन लूट रहे हैं और हमें जमीन लुटेरा बता रहे हैं
- भाषण के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विस सत्र के अंतिम दिन विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए जम कर हमला बोला। कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में एक लाख लोगों को गैर-सरकारी नौकरी दी है। ८३ प्रतिशत से अधिक स्थानीय मूलवासियों की नियुक्ति की गयी है। पांचवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन में अपने भाषण में उन्होंने यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर जवाबी वार किया। उन्होंने अग्निवीर के बारे में घोषणा की। कहा कि शहीद होनेवाले अग्निवीर के परिजनों को अनुग्रह राशि और अनुकंपा पर नौकरी दी जायेगी। सीएम के भाषण के दौरान विपक्षी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। लेकिन ने अपना वक्तव्य जारी रखा। सीएम के भाषण के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

**भाजपा ने ऑफिस बनाने के लिए जमीन लूटी :** मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। ये लोग राजनीतिक एजेंडा के तहत काम कर रहे हैं। इन लोगों ने एक महत्वपूर्ण सत्र को हंगामा में बदल दिया। सीएम ने कहा कि इन लोगों का काला चिट्ठा मेरे पास है। इन्होंने पांच साल में क्या किया, सब मेरे पास है, इन्होंने चौबीस जिलों में अपना कार्यालय बनाया। इसमें इन्होंने जमीन की लूट नहीं, बल्कि डकैती की है। जमीन के लिए मर्डर तक हुआ है और फिर इन लोगों ने ऑफिस बनाया। ये लोग जमीन लूटते हैं और हमें जमीन लुटेरे कहते हैं।

हमारे पीछे इडी और सीबीआइ लगा देते हैं और जेल भिजवा देते हैं। सीएम ने आगे कहा, पांच वर्षों में भाजपा के जितने ऑफिस बने, उसका पैसा कहां से आया, सरकारी, गैर मजरुआ और यहां तक कि टाटा की जमीन पर भी इन लोगों ने अपना कार्यालय बना दिया। इन लोगों के पास ना तो सदन के अंदर कोई जवाब है ना सदन के बाहर। इनका समूह और जमात बहुत बड़ा है। बाहर से आकर वे हम पर हमला बोलते हैं।

**हिमंता बिस्व सरमा पर साधा निशाना :** सीएम ने कहा कि ये झूठ-फरेब की दुकान चलाते हैं। कुछ यहां, कुछ पाकुड़ और कुछ जमशेदपुर में पड़े हैं। एक मुख्यमंत्री ऐसे हैं, जो अपने बाढ़ग्रस्त राज्य असम के लोगों की सुधि नहीं लेते। हम मदद करते हैं और वे यहां आकर राजनीति कर रहे हैं। झारखंड को और समाज को विभाजित कर रहे हैं। चुनाव में झारखंड के साथ असम में भी भाजपा का सफाया हो जायेगा। ये लोग क्या बात करेंगे। ये लोग आइना भी देखेंगे, तो आइना भी शरमा जायेगा। ये इतने बहुरुरिये हैं।



### रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद में जनसंख्या कैसे बढ़ी

सीएम ने कहा कि ये लोग डेमोग्राफी की बात करते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। इनसे पूछा जाना चाहिए कि रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में आबादी क्यों बढ़ी। किसके कारण आदिवासियों की संख्या घटी। वैसे भी कोई भी अगर घुसपैठ करेगा, तो या तो जमीन से, या नदी के रास्ते या हवाई जहाज से। इन तीनों पर मालिकाना हक इन्हीं का है। ये लोग हमारे देश की स्थिति पाकिस्तान से भी खराब कर देंगे। महंगाई का स्तर देख लें। गरीब भूखों मरने को मजबूर हो गया है। इसीलिए तो केंद्र में पहले मोदी और भाजपा की सरकार थी, अब बैसाखी की सरकार है। सहायक पुलिसकर्मी को इन्होंने नाजायज तरीके से नियुक्त किया और उन्हें मंझधार में छोड़ दिया, हम लगातार इन्हें एक्सटेंशन दे रहे हैं और घोषणा की है कि पुलिस नियुक्ति में 10% आरक्षण देंगे।

### बालू बेचने पर साधा निशाना

हेमंत ने कहा कि भाजपा के लोग व्यापारी हैं। सुबह विधानसभा में बालू बेच रहे थे। इनका काम ही है बेचना। ये देश बेच देंगे। अरबों रुपये की ऋण माफी होती है, लेकिन पूंजीपतियों की। ये लोग किसानों का ऋण माफ नहीं करते। किसान खून के आंसू रोता है, लेकिन वह उन्हें दिखायी नहीं पड़ता। हमने झारखंड में पचास हजार रुपये तक की किसानों की ऋणमाफी की है। अभी लोकसभा में इनको आइना दिखाया है। विधानसभा में सफाया कर देंगे।

### इनके बड़े नेता ने सवाल नहीं पूछा

हेमंत ने कहा कि भाजपा के सबसे बड़े नेता ने पिछले पांच सालों में एक भी सवाल सदन में नहीं पूछा है। इन्होंने बस राजनीतिक रोटी सेंकी है। गुजरात में, जहां ये 25 साल से सरकार में हैं, एक भी नियुक्ति नहीं हुई है। सबसे ज्यादा पेपर लीक गुजरात में हुआ है। झारखंड में पेपर लीक होता है, तो अखबारों में मोटे-मोटे अक्षरों में छपता है, क्योंकि ये उनकी जेब में हैं। ये तो कोर्ट को भी जेब में रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### स्थानीय, नियोजन नीति का इन्होंने बंटाधार कर दिया

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने एक लाख से ज्यादा लोगों को गैर सरकारी नौकरी दी है। अपने हाथों से नियुक्ति पत्र बांटा है। हमने स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनायी, लेकिन इन नालायकों ने इसका भी बंटाधार किया। कोर्ट के माध्यम से ये हमारी नीतियों को रोकते हैं। हमने यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के लिए कानून बनाया, तो उसे गैर-कानूनी कहा गया और दूसरे राज्यों ने बनाया, तो वो संवैधानिक हो जाता है। यहां हमने जितनी नियुक्तियां की हैं, उनमें 83 प्रतिशत यहां के स्थानीय मूलवासियों-आदिवासियों को मिलीं। इन लोगों ने सरना धर्म कोड को लागू नहीं होने दिया गया। सीएम ने कहा कि अभी डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि हमें आदिवासी का दर्जा दीजिए। अरे लंबोदार जी, जब आदिवासियों को ही अभी ये अपना हक नहीं लेने दे रहे, तो आप अभी कहां जाइयेगा। ये लोग महिला सशक्तीकरण की बात करते हैं। इन्होंने पांच साल में छह सौ करोड़ रुपये महिलाओं के बीच बांटे, हमने 10 हजार करोड़ रुपये महिलाओं के बीच में बांटा है। अभी हमने मंइयां सहयोग राशि योजना शुरू की है। आज से ही यह शुरू हुआ है। इसमें हम पचास लाख महिलाओं को (21 वर्ष से 50 वर्ष) साल में बारह हजार रुपये देंगे। किसी-किसी परिवार में तीन से चार महिलाएं होंगी, आप जोड़ लें कि उस परिवार को कितना मिलेगा। आगे चल कर यह राशि प्रति परिवार साल में एक लाख रुपये तक पहुंच सकती है। 2019 से पहले अस्पतालों में कोई व्यवस्था इन लोगों ने नहीं की। आइसीयू बेड तक नहीं खरीदा। हमने पिछले पांच सालों में अस्पतालों की स्थिति सुधारी है। इसमें और सुधार करेंगे। सीएम ने कहा कि पारा शिक्षकों के मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गयी है। आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाया गया, रसोइया के मानदेय में शत प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। अनुबंधकर्मियों के मानदेय में करीब 12 सौ करोड़ की अतिरिक्त राशि का प्रबंध प्रतिवर्ष किया गया है।

### भविष्य की योजनाएं बतायीं

हम किसानों को और राहत देने के बारे में विचार कर रहे हैं। आने वाले समय में हर प्रखंड में बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे। अभी यह योजना कुछ जिलों में ही शुरू हो पायी है। आगे सभी जिलों में शुरू होगी। भाजपा ने मनरेगा और शिक्षा में पैसे घटा दिये, आवास योजना का पैसा हमें नहीं दे रहे हैं। इसलिए हमने अपने गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की। अभी हमने तीस लाख लोगों को आवास देने की योजना बनायी है, आनेवाले दिनों में हम योग्य सभी परिवारों को आवास देंगे।

### यह अंतिम नहीं, अनवरत सत्र है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मानसून सत्र है। ये लोग कहते हैं कि यह अंतिम सत्र है, लेकिन असल में यह अनवरत सत्र है। आगे भी हम ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का फार्मूला है किसी को खाने नहीं देंगे, सब हम खा जायेंगे। सदन में भाजपा विधायकों के हंगामे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके शोर-शराबे से हम परेशान होनेवाले नहीं हैं। हम मछली की आंख की तरह अपने लक्ष्य को देख रहे हैं। अगली बार हम फिर लौट कर आयेंगे और इनके ज्यादातर विधायक दूसरी बार चुन कर नहीं आयेंगे। इनकी संख्या दहाई में नहीं पहुंचेगी।

### न्यूज रील्स

## राजधानी में दिन-दहाड़े वकील की चाकू मार कर हत्या



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। इसको लेकर वकीलों में काफी गुस्सा है। रांची का सुखदेवनगर इलाका अपराधियों और ड्रग तस्करों का अड्डा बन गया है। अकसर इस थाना क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन इस बार अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए अधिवक्ता की हत्या कर दी है। गोपाल कृष्ण के परिजनों ने बताया कि गोपाल शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर से फोटोकॉपी कराने मधुकम स्थित हनुमान मंदिर के पास गये थे। वहां अचानक एक अपराधी हाथ में चाकू लेकर आया और उन पर हमला कर दिया। अपराधी ने अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के पेट, हाथ और पीठ पर चाकू से हमला किया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर अपराधी मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने अधिवक्ता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने गोपाल कृष्ण की हत्या के बारे में बताया कि हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है। सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं की आपात बैठक हुई है। इस बीच महाधिवक्ता ने राज्य के डीजीपी से इस बारे में बात की है।

## भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर बालू बेच कर जताया विरोध

- बालू बेचते थे, लेकिन अब नहीं कर पायेंगे: सत्ता पक्ष
- कोयल नदी का प्लास्टर्ड बालू 1000 रुपये किलो: विपक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर सांकेतिक रूप से बालू बेच कर विरोध जताया। भाजपा विधायकों ने झारखंड में बालू की किल्लत और हेमंत सरकार के मुफ्त में बालू देने की घोषणा पर विरोध जताया। धरने पर बैठे विधायकों ने कहा कि जिस तरह पांच लाख नौकरी मिली, अन्य योजनाओं का लाभ मिला, उसी प्रकार बालू भी मिलेगा। विधायक टोकरी और बोरा में बालू लेकर पहुंचे थे। साथ ही कहा कि सरकार की मुफ्त बालू देने की योजना हवा-हवाई है। अन्य वादों की तरह इसका भी हश्र वही होने जा रहा है। भारी बारिश के बीच विधायकों का विरोध जारी रहा।



### सीएम कार्यालय के समक्ष दिया धरना, बहिष्कार

बालू बेचने के बाद अचानक सभी विधायक सीएम कार्यालय के समक्ष पहुंचे। वहां धरना पर बैठ गये। काफी समय तक जमे रहे। दोपहर दो बजे के बाद जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विधायकों ने फिर विरोध जताया। वेल में आकर सीएम से जवाब देने की मांग करते रहे। दूसरी पाली में विरोध के बीच भाजपा विधायकों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान गैर सरकारी संकल्प लिया जाता रहा।

## सीएम ने मंइयां सम्मान योजना के प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 10 एलइडी वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इन सभी एलइडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

**राज्य के सभी जिलों में उपायुक्तों ने प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन रवाना किये जाने के बाद रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला सहित राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों ने अपने-अपने जिलों में मंइयां सम्मान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को एलइडी वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। आज से पूरे राज्य में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की शुरुआत हो गयी।

### 21 से 50 वर्ष की उम्र की बहनों को हर माह 1000 रुपये की सम्मान राशि

इस योजना के तहत झारखंड में 21 वर्ष से 50 वर्ष की उम्र की बहनों को हर माह 1000 रुपये की सम्मान राशि मुख्यमंत्री ने देने की घोषणा की है। झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में हर माह की 15 तारीख तक 1000 रुपये डाले जायेंगे। इसका फॉर्म आंगनबाड़ी सेविका सहायिका द्वारा घर-घर जाकर नि:शुल्क दिया जायेगा, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष कैंप लगवा कर आवेदन लिये जायेंगे।

**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे :** इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी, विधायक सविता महतो, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सचिव मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एजी की रिपोर्ट विधानसभा में पेश : झारखंड में दो हजार करोड़ का हिसाब नहीं

- विभाग की लापरवाही से राजस्व का भारी नुकसान
- पथ निर्माण में संवेदकों को 5.29 करोड़ का अधिक भुगतान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के पटल पर शुक्रवार को एजी की रिपोर्ट पेश की गयी। इसमें करीब दो हजार करोड़ का हिसाब-किताब नहीं मिला है। इस पर रिपोर्ट में आपत्ति दर्ज करायी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं ने अनुबंधों में प्रावधान के बावजूद मूल समायोजन की गणना ठीक से नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप पांच प्रमंडलों में साथ सड़क कार्यों के संवेदकों को 5.29 करोड़ रुपये अधिक भुगतान हुआ।

महालेखाकार ने कहा है कि ऊर्जा विभाग और कंपनी द्वारा अनियमित रूप से बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं की श्रेणी को दोषपूर्ण मीटर वाले उपभोक्ताओं में बदल कर अतिरिक्त सब्सिडी का दावा किया और जेसीआरसी विद्युत प्राय संहिता में दिये गये दोषपूर्ण मीटर से संबंधित बिलिंग के प्रावधानों को बिलिंग सॉफ्टवेयर में मैप नहीं किया। महालेखाकार द्वारा डीएमडीटी के दुरुपयोग पर भी कई टिप्पणियां की गयी हैं। यह रिपोर्ट 2021, 2022 और 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पथ निर्माण विभाग की विफलता के कारण आठ कार्यों में 37.29 करोड़ रुपये के मूल्य समायोजन में वृद्धि हुई थी। वहीं 11 पथ में मूल्य की



गणना में गलत मानदंडों के उपयोग के कारण संवेदकों को 3.98 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया है।

एजी अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विद्युत नियमाक आयोग के अध्यक्ष और सदस्य का पद जून 2020 से सितंबर 2022 तक रिक्त रहा। इसके कारण वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए बिजली टैरिफ की मंजूरी नहीं मिल सकी। कंपनी 514.08 करोड़ कीअतिरिक्त राजस्व की वसूली से वंचित रह गयी। कंपनी बिजली चोरी के मामलों में जुर्माने के आकलन में विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों और जेएसइआरसी के प्रावधानों का पालन करने में विफल रही है, जिसके कारण 5.74 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है।

पथ निर्माण विभाग-विभागीय निविदा समिति ने सबसे कम बोली में काम अधिक कीमत पर दिया, जिससे सरकार पर 2.62 करोड़ की अतिरिक्त लागत का बोझ पड़ा।

शहरी विकास- आवास विभाग, पेयजल स्वच्छता: कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल चाइबासा ने जलापूर्ति परियोजना से संबंधित अनुबंध के विखंडन के बाद बकाया राशि का प्रमाण पत्र तीन वर्ष से अधिक समय से 4.42 करोड़ के सरकारी बकाया राशि की वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस की कार्यवाही शुरू नहीं की गयी।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग- रिपोर्ट के अनुसार महात्मा गांधी स्मारक चिकित्सा कॉलेज जमशेदपुर ने अनुबंध के आधार पर लोगों को रखा। कार्यादेश से अधिक कर्मियों के भुगतान की अनुमति के कारण अभिकर्ताओं को कम से कम 2.67 करोड़ का अधिक भुगतान करना पड़ा।

ऊर्जा विभाग- रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यालय आधारित ताप विद्युत संयंत्र संचालन शुरू होने के दस साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभाग ने पर्यावरण प्रबंधन कोष की स्थापना नहीं की। नतीजतन कंपनी से 82.40 करोड़ की वसूली करने में विफल रहा। कोयला आपूर्ति समझौते में प्रावधान के बावजूद पीआइ के प्रावधान को संशोधित करने की कार्रवाई नहीं की गयी, इसके कारण नौ करोड़ का नुकसान हुआ।

परिवहन विभाग- 4486 परिवहन वाहनों के प्रमादी मालिकों से वसूले जाने योग्य 80.12 करोड़ का कर और जुर्माना नहीं किया गया। 1359 वाहनों के पंजीकरण प्रमाण पत्र की वैद्यता खत्म होने के बाद भी नवीनीकरण नहीं किया गया। इस कारण 6.27 करोड़ का रजिस्ट्रेशन शुल्क, निरीक्षक शुल्क और हरित कर तय नहीं हुआ।

## सीसीएल सौंदा में कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन, दर्जनों ने थामा पार्टी का दामन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल सौंदा में शुक्रवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा सिंह व संचालन कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहु ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश इंटक सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उपस्थित थें। बैठक में पार्टी की मजबुती पर बल देते हुए कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को जन-तन तक पहुंचाने का आहवान किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सीसीएल सौंदा कांग्रेस पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें फिरोज खान को अध्यक्ष, संतोष कुमार को उपाध्यक्ष, रंजीत गुप्ता को सचिव, मिलन सिंह को सह सचिव, राजू गिरी को कोषाध्यक्ष, उपेंद्र कुमार साव को मीडिया प्रभारी, स्थानीय मुखिया अभय सिंह को संरक्षक, नीतू देवी महिला प्रतिनिधि, हेमंती देवी महिला संरक्षक चुनी गयी। बैठक के दौरान ही दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महिलाओं ने विधायक अंबा प्रसाद के हाथों को और मजबूत करने की बात कही। मौके पर स्थानीय मुखिया सह पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने सभी महिलाओं को झारखंड सरकार की लाभकारी योजना मंइयां सम्मान योजना के बावत जानकारी देते हुए 3 से 10 तक चलने वाले विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर मुख्य अतिथि अंकित राज ने नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित साहु, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, रंजीत गिरी, विक्रांत पांडेय, बसंती देवी, मनीता देवी, सुरेश प्रसाद, राहुल कुमार सिंह, विनोद कुमार मेहता सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थें।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, रोटरी रामगढ़ सिटी और पंचवटी अपार्टमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पंचवटी अपार्टमेंट में चार दिवसीय नि:शुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ गोपाल मिश्रा और पंचवटी सोसाइटी के अध्यक्ष अनिल गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के शुभारंभ से पूर्व एक्यूप्रेशर चिकित्सा में शामिल टीम के सदस्यों का लोगों ने स्वागत किया। शिविर के शुभारंभ पर रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने लोगों के एक्यूप्रेशर चिकित्सा के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। बताया कि एक्यूप्रेशर विधि से पूराने जोड़ों का दर्द व अन्य बीमारियां ठीक हो सकती हैं। शिविर के शुभारंभ के बाद अर्पाटमेंट के दर्जनों लोगों ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ उठाया। मौके पर डॉ शारदा प्रसाद, मुकेश बौंदिया, रोटरी के सहायक जिलापाल विनय अग्रवाल, आयकर अधिवक्ता विवेक अग्रवाल, पंचवटी के सचिव मोहन झा, रोटरी रामगढ़ सिटी के सचिव सूरज अग्रवाल, रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के सचिव पीयूष बेरलिया, मोतीलाल अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, हरीश चौधरी, डॉ अनूप सिन्हा, राजेश अग्रवाल, पंकज जैन, आदर्श चौधरी, नीरू गोयल रमा अग्रवाल, अनीता राजगढ़िया, नेहा अग्रवाल, गौतम जलान, पूनम जलान, पवनजय, विशाल वासुदेवा, किशन बंसल, रुपेश गुप्ता, भरत गोयल, विनीता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, नीलम अग्रवाल सहित कई लोग शामिल थे।

## मनरेगाकर्मी की हड़ताल से सरकारी कार्यालयों में काम हुआ ठप

**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** मनरेगा कर्मचारियों के हड़ताल से सरकारी कार्यालयों में पूरी तरह काम ठप पड़ चुकी है। ऐसे में आम लोग लगातार सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा कर वापस घर लौट जा रहे है। हड़ताल की वजह से मजदूरों का काम मिलना बंद हो गया है। ज्ञात हो कि मनरेगा कर्मचारी अपनी स्थायीकरण की मांग के समर्थन में 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिससे पंचायत और गांव स्तर पर विकास के कार्य से जुड़े विकास की गति पूरी तरह से ठप पड़ चुकी है। इससे ज्यादातर मनरेगा मजदूरी के साथ-साथ अन्य लोगो के काम नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## मरांग बुरू संथालों की धार्मिक आस्था का केंद्र है: फागू बेसरा



**मांडू (आजाद सिपाही)।** विशेष समुदाय के पक्ष में भारत सरकार द्वारा दिया गया आदेश का आदिवासी समाज विरोध करती है। उक्त बातें संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव फागू बेसरा ने कही। मामले को लेकर उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग और मंत्री, वन पर्यावरण विभाग को दिल्ली में ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि मरांग बुरू (पारसनाथ) संथाल आदिवासियों का धार्मिक आस्था का केंद्र है। प्राचीन काल से रूढ़िवादी अपने धार्मिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। बलि प्रथा आदिकाल से चला आ रहा है। 1908 के सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख में मरांग बुरू (पारसनाथ) पर प्रथागत अधिकार है। इस अधिकार को उस समय ब्रिटिश हुकूमत काल 1911 में कमीशनरी न्यायालय में जैनियों के द्वारा चुनौती दी गयी थी। न्यायालय में उनके दावे खारिज होने पर 1917 में पटना उच्च न्यायालय में अपील वाद में जैनियों द्वारा चुनौती दी गयी, पटना उच्च न्यायालय में जैनियों के दावे को खारिज करते हुए न्यायालय ने संथाल आदिवासियों के प्रथागत अधिकार और धार्मिक महोत्सव करने और सालों से चली आ रही जंगली जानवरों का शिकार सेंदरा महोत्सव बैसाख पूर्णिमा में तीन दिन तक करने और लॉ बीर बैसी सुप्रीम एसेंबली कर आपसी मांझी परगना विवाद सालटाने का मान्यता दिया है। उसके बाद जैनियों ने प्रीवी कॉसिंल में अपील भी खारिज है। इस आदेश को कहीं चुनौती नहीं दी गयी है। जैनियों द्वारा सम्पूर्ण मरांग बुरू (पारसनाथ) पहाड़ पर केंद्र, राज्य सरकार और न्यायालय पालिका को गुमराह कर दावा किया जा रहा है। जबकि झारखंड उच्च न्यायालय ने 2004 में मात्र 0.86 डीसमील भूमि पर पहाड़ के चोटी में पूजा, प्रार्थना और दर्शन का छूट मिला है। परंतु जैनियों के द्वारा सम्पूर्ण पहाड़ पर दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील वाद 2009 में दर्ज किया है, जो लंबित है। उसके बावजूद भारत सरकार द्वारा एक तरफा जैन समुदाय के पक्ष में मरांग बुरू (पारसनाथ) पहाड़ को उनके धार्मिक स्थान घोषित कर संथाल जनजातियों को उनके प्रथागत अधिकार और संविधानिक अधिकार से वंचित करना, ये कानून और संविधान का उल्लंघन है।

# क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में रामगढ़ का परचम, उपविजेता बना हजारीबाग

**पुलिस पदाधिकारी ने सीखे फिंगरप्रिंट, फारेंसिक, अपराध अनुसंधान के गुर : डीआइजी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में आयोजित 22 वां क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का विजेता रामगढ़ जिला रहा है। शुक्रवार को पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग रेंज के डीआइजी सुनील भास्कर ने रामगढ़ जिले की टीम को ट्रॉफी देखकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपविजेता रही हजारीबाग जिले की टीम को भी डीआइजी ने सम्मानित किया। इस दौरान डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट काफी अच्छा प्लेटफार्म है। यहां पुलिस पदाधिकारी अपने ज्ञान को आगे बढ़ते हैं। साथ ही अपराध अनुसंधान में काम आने वाले सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हैं। कई विषय ऐसे हैं जिनकी परीक्षा होती है और उसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैंडिडेट्स को सम्मानित किया जाता है। प्रमंडल स्तर पर आयोजित पुलिस ड्यूटी मीट के विजेताओं को राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल कराया जाता है, ताकि वह वहां भी और बेहतर कुछ सीख सके।



### जानिये किस पदाधिकारी ने जीता मेडल

फॉरेंसिक साइंस में सब इंस्पेक्टर अनुपम प्रकाश, अभिषेक प्रताप, योगेश कुमार महतो, मेडिको लीगल में सब इंस्पेक्टर अनुपम प्रकाश, अभिषेक प्रताप, मनीष कुमार गुप्ता, ओमकार पाल, इंस्पेक्टर रजत कुमार, लिफ्टिंग पैकिंग एंड फॉरवर्डिंग ऑफ एक्जीबिट में सब इंस्पेक्टर अभिषेक प्रताप, बैजनाथ कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, क्राइम इन्वेस्टिगेशन लो रूल्स एंड प्रोसीजर एंड कोर्ट जजमेंट में इंस्पेक्टर रजत कुमार, सुरेश लिंडा, पप्पू कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर अभिषेक प्रताप, अनुपम प्रकाश, फिंगरप्रिंट में इंस्पेक्टर विनोद कुमार, इंस्पेक्टर रजत कुमार, सब इंस्पेक्टर अभिषेक प्रताप, फोटोग्राफी में सब इंस्पेक्टर रवि एक्सेस, अभिषेक प्रताप, मनीष कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, ऑब्जरवेशन टेस्ट में एएसआई प्रेम पीटर बाक्सला, सी/447 अजय भगत, सी/119 गणेश दास, सी/663 पंकज कुमार सोनी, कंप्यूटर अवेयरनेस में सी/949 विनय कुमार, सी/105 नितेश कुमार, सी/247 भोला रजक, डॉग स्क्वायड टेस्ट में सी/20 मकुंम राम, एक्सप्लोसिव में सी/31 अखिलेश उरांव शामिल है।

**नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट्स आइडेंटिफिकेशन सिस्टम पर रहा जोर:** पुलिस ड्यूटी मीट में नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट्स आईडेंटिफिकेशन सिस्टम पर काफी जोर दिया गया। डीआईजी सुनील भास्कर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों, सजायफ्ता कैदियों और चार्जशीटेड अपराधियों के फिंगरप्रिंट्स लिए जा रहे हैं। पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल पदाधिकारी को भी इसकी जानकारी दी गई है।

**सभी जिलों से आये पदाधिकारियों ने किया बेहतर प्रदर्शन: एसपी:** समापन समारोह के दौरान एसपी अजय कुमार ने पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल सभी पदाधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि साइंटिफिक जांच, डॉग स्क्वायड, फिंगरप्रिंट और अपराध अनुसंधान के सभी विषयों पर पुलिस पदाधिकारी ने नई तकनीक सीखी है। अगर वह किसी भी अपराध में शामिल लोगों को सजा दिलाना चाहते हैं, तो इस तकनीक का इस्तेमाल करना उनके लिए सहायक साबित होगा। इसमें फॉरेंसिक की टीम और उसकी जानकारी पुलिस पदाधिकारी को काफी मदद करती है।

**पुलिस ड्यूटी मीट में अभिषेक कर रहा जलवा:** ओवर ऑल ट्रेन चैंपियन इंडिविजुअल में सब इंस्पेक्टर अभिषेक प्रताप ने मेडल जीता। उनकी तारीफ हर पदाधिकारी कर रहे थे। रनर अप इंडिविजुअल सब इंस्पेक्टर अनुपम प्रकाश नेवी बेहतर प्रदर्शन किया है।

## मांडू पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** हजारीबाग डीआइजी सुनील भास्कर ने शुक्रवार का मांडू पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। डीआइजी सुनील भास्कर को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद डीआइजी ने सबसे पहले ऑफिस का निरीक्षण किया। साथ ही थाने की साफ-सफाई, बैरक और हाजत का भी निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस निरीक्षक के कार्यालय में बैठकर अपराधिक रजिस्टर, स्टेशन डायरी और केस के प्रगति रिपोर्ट की जांच की। मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा को निर्देश दिया कि जो भी लंबित कांड है, उन्हें जल्द निष्पादन करें। साथ ही संगठित अपराधी गिरोह के सदस्यो के गिरप्तारी के लिए छापामारी करे। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय और बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद साहू उपस्थित थे।

## प्रमुख ने महाविद्यालय परिसर में बने जलमीनार का किया उद्घाटन

**मांडू (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी श्रमिक इंटर महाविद्यालय परिसर में करीब 2 लाख 49 हजार की लागत से बने जलमीनार का उद्घाटन किया गया। जलमीनार का उद्घाटन शुक्रवार को प्रमुख चंद्रमनी देवी ने फीता काट कर किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के कार्यालय में एक समारोह का आयोजन कर प्रमुख को बुके देकर भव्य स्वागत किया गया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, छाया मातम

**घटना की जानकारी मिलते ही युगल सिंह, चंदन सिंह, श्रीराम सिंह, संतोष सिंह सहित दर्जनों लोग घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत बहेरा गांव निवासी रामप्रवेश सिंह की पत्नी अनीता देवी (30) की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका अपने ननद के घर इमामगंज के डुमरिया गयी हुई थी। इसी दौरान बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। घायल अवस्था में उसे मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात मौत हो गयी। विदित हो कि रामप्रवेश सिंह एक समाजसेवी के अलावा हंटरगंज के जाने-माने व्यावसायी राजेश कुमार सिंह उर्फ युगल सिंह के करीबी है। घटना की जानकारी मिलते ही युगल सिंह, चंदन सिंह, श्रीराम सिंह, संतोष सिंह सहित दर्जनों लोग घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मृतक की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## चुटूपालू घाटी में तीन वाहनों की टक्कर, घंटों सड़क जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लगातार हो रही बारिश की वजह से शुक्रवार को रांची पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में तीन मालवाहक वाहन आपस में टकरा गये। पहले एक मालवाहक ट्रेलर ने आगे चल रहे एक ट्रक को धक्का मारा, जो बिना रूके चलते बना। इसके बाद पीछे से आ रहे मालवाहक ट्रेलर भी आपस में टकरा गये। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हलांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। क्षतिग्रस्त दोनों ट्रेलर की वजह से सड़क जाम को देख वन-वे किया गया। लेकिन कुछ ही देर में वन में अधिक वाहनों के प्रवेश कर जाने से भयानक जाम की स्थिति हो गयी। जिससे दो घंटे से ज्यादा समय तक सड़क जाम लगा रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रेलरों को हटाकर सड़क जाम को हटाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन बारिश की वजह से काफी मशक्कत के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटाया गया। तभी यातयात व्यवस्था दुरुस्त हो पायी।

## डीसी ने की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, कहा सुनिश्चित करें कि चुटूपालू घाटी में लगी लाइट जले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी और एसपी ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में किये गये कार्य की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में डीसी ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान में घाटी में लगायी गयी लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर डीसी ने हर हाल में घाटी में लगायी गयी लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने वाहन जांच अभियान,



जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये।

**सड़क के मुख्य मार्ग पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को सड़क सुरक्षा के तहत नियमित रुप से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बिना हेलमेट वाहन चलाना और ट्रिपल लोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर जागरूक करने और एनएचआई से समन्वय स्थापित करते हुए सड़क के मुख्य मार्ग पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित:** बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिये निर्देश

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने एसपी अजय कुमार के साथ जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक कर कई निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में डीसी ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किये गये कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी और एसपी के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। जिस पर डीसी एवं एसपी के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किये गये कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में डीसी ने कहा कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने और अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर डीसी ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने और अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू लेक रिसॉर्ट में दो दिवसीय मिस यूनिवर्स झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** टीम बेड एक्स-बिनेस्स एंटेप्रेर्नुअल डेवलपमेंट एक्सपेरिएण्टियल के नेतृत्त्व में पतरातू स्थित झारखंड पर्यटन द्वारा संचालित पतरातू लेक रिसोर्ट में मिस यूनिवर्स झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। दो दिवसीय चलने वाले प्रतियोगिता के पहले दिन इस प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 18 प्रतिभागि हिस्सा लिया। जिनका आधिकारिक संगरक्षक मिस तान्या सिन्हा मिस ग्लोब इंटरनेशनल २०२२) कर रही हैं। बताया गया कि इस प्रतियोगिता का आंकलन करने दिल्ली से नेशनल डायरेक्टर की टीम शामिल होंगे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग १० उप दौर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें आये प्रतिभागी झारखण्ड राज्य की सुंदरता और पर्यटन को भी दर्शायेंगे। इस प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी आगे जा कर मिस इंडिया २०२४ नेशनल इवेंट में भाग लेंगे और झारखंड राज्य का प्रतिनिधितव करेंगे। दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता की कमान ग्लमानंद कंपनी के पास हैं। बेड एक्स-रांची आधारित एक पूर्ण रूप से कार्यक्रम संचालन टीम इंगेजमेंट और आयोजन स्टार्ट उप कंपनी है जिसके तीन सह संस्थापक - अर्पित कुमार श्रेयांश जैन और हर्ष गखर हैं।

## उरीमारी में बच्चों को दी गयी साइकिल



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरसुला में सत्र 2023-24 के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने उपस्थित होकर अपने हाथों से 39 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। जिसमें अठारह लड़का और इक्कीस लड़की शामिल है। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि साईकिल मिलने से दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने जाने में सहुलियत होगी। साईकिल चलाने से बच्चों के शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार, शिक्षक राजेश रंजन, गीता कुमारी मांझी, निर्मला कुमारी, अमर ज्योति बरवा, अध्यक्ष आरती कुमारी, गरसुला पंचायत उपमुखिया नंदकिशोर महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि संटू बेदिया, सदस्य उषा देवी, चांदनी देवी, आशा देवी, ललिता देवी मौजूद थे।

## लोस चुनाव में ड्यूटी पर गये 1750 सीसीएल कर्मियों को मिला एक दिन का बकाया वेतन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में ड्यूटी पर गये 1750 कर्मियों का एक दिन और गत 2022 का जीएम यूनिट 55 कर्मियों का 13 दिनों का लंबित बकाया वेतन राशि का एक अगस्त को भुगतान किये जाने पर कोयला कर्मचारी और मजदूरों में हर्ष का माहौल है। वही, जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने दावा किया है कि संघ की पहल पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने कर्मियों का वेतन भुगतान किया गया है। साथ ही, क्षेत्र के विभिन्न मजदूर यूनियन ने भी प्रबंधन द्वारा कर्मियों के बकाया राशि भुगतान किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि लोस चुनाव में गये कर्मी का एक दिन और 13 दिनों की बकाया राशि भुगतान कराने को लेकर संघ मुख्यालय तक पत्राचार और कई अभियान में संघर्षरत रहा है। जिसकी बदौलत सीसीएल कुजू क्षेत्रीय प्रबंधन ने अगस्त की पहली तारीख को सभी कर्मियों के बकाया राशि का भुगतान किया गया है। जगदीश महतो ने कहा कि बकाया राशि भुगतान किए जाने के बाद संघ के प्रति कर्मियों ने आभार व्यक्त किया है। इधर, सीसीएल कुजू क्षेत्र कार्मिक उप प्रबंधक प्रताप रंजन ने बताया है कि एक अगस्त को लोस चुनाव में गये 1750 कर्मियों का एक दिन का बकाया भुगतान कर दिया गया है। जबकि जीएम यूनिट 55 कर्मियों का 13 दिनों का बकाया राशि भी भुगतान किया गया है। इस अवसर पर संघ के जीएम शाखा के सचिव कंचन सिंह, झुनकू सिंह, उमेश प्रसाद साहू, नंदकिशोर प्रसाद ने प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहदेव कर्मकार को सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एस एस प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विदाई दी। वहीं कार्यक्रम में मौजूद शिक्षको ने उन्हें उपहार देकर आगे की जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए श्री कर्मकार ने कहा कि गोला छिन्मस्तिका की धरती है। यहां से सेवानिवृत्त होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस क्षेत्र के लोगों में मुझे बहुत प्यार दिया। जिसके कारण काम करने में मुझे ऊर्जा मिलता रहा। सेवानिवृत्त होना जीवन का एक मोड़ है। हर सरकारी कर्मी को एक दिन इस दिन से गुजरना पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन मदन महतो के द्वारा किया गया। बताया गया कि कर्मकार सरल स्वभाव के साथ मिलनसार व्यक्ति के धनी है। मौके पर शिक्षक मंगवेंद्र झा, पंकज झा, लखन राम रविदास, नारायण राम मुंडा, कालेश्वर राम, शशिकांत दुबे, शत्रुघ्न प्रसाद, उत्तम कुमार मिश्रा, अंगद प्रसाद, मोहम्मद इरफान, मधु, कादरी, सुषमा, कलावती, चंद्रदेव, अमित जायसवाल, रामपाल यादव, देव प्रकाश के अलावे विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार नायक और विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
06

# कोई कोना न रहे अछूता

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में गुरुवार को फैसला दिया कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं, ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। यह इस सवाल से जुड़ा है कि एससी/एसटी के तहत आने वाले समूहों को एक समान माना जाना चाहिए या नहीं। 2004 में चर्चित इवी चिन्नैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की पीठ ने फैसला दिया था कि इन कैटिगरी में सब-कैटिगरी नहीं बनायी जा सकती। मगर सात सदस्यों की बेंच ने ताजा फैसले में इसे पलट दिया। चूंकि इस सवाल पर देश में अलग-अलग और काफी तीखी राय देखी जाती रही है, इसलिए फैसले के संभावित असर को लेकर कयासबाजी शुरू होना स्वाभाविक है। सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सच्चाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें, जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है। अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने उन आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया, जो इस फैसले से जुड़ी हैं। फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर किया जा सकता है। देखा जाये तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। यह फैसला इस लिहाज से भी याद रखा जायेगा कि मसले की जटिलता की झलक पीठ के सदस्यों की अलग-अलग राय में भी मिलती है। ऐसे उदाहरण कम मिलते हैं कि 6:1 के बहुमत से दिये गये फैसले में भी छह ओपिनियन सामने आं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी तो बहुमत की राय से असंतुष्ट रहीं, लेकिन जो छह जज बहुमत की राय से सहमति रखते हैं, उनके भी पांच अलग-अलग फैसले आये। इनमें क्रीमी लेयर को एससी/एसटी पर भी लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग तरह के कई सुझाव दर्ज हुए। साफ है कि कानून के लिहाज से बहुमत का फैसला ही मान्य होगा, लेकिन पीठ के सदस्यों के वैयक्तिक फैसलों में जाहिर हुए ये सुझाव आगे विमर्श की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभायेंगे। कुल मिलाकर, फैसला न सिर्फ पॉलिसी के लेवल पर महत्वपूर्ण दखल है, बल्कि आरक्षण जैसे मसले पर भविष्य के लिए दिशासूचक का भी काम कर सकता है।

**सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सच्चाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वित्त वर्ष 2025 के बजट में समग्र योजना पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) के तहत आवंटन 2.2 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 6.4 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यह किसानों को पर्याप्त मूल्य समर्थन प्रदान करने, खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने और व्यापारियों द्वारा बाजार पर डाले जाने वाले अनुचित प्रभाव को सीमित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं जैसे कि फसल बीमा, ब्याज सब्सिडी, और आरकेवीवाइ में एआइडीएफ (कृषि अवसंरचना विकास निधि) के तहत व्यापक प्रावधानों के परिव्यय में 10-15 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है।**

# भारतीय कृषि क्षेत्र में नयी मजबूती लायेगा बजट

**नवीन पी सिंह**



वित्त वर्ष 2025 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न आय-सहायता उपायों के जरिए भारतीय किसानों की आमदनी बढ़ाने की संभावनाओं में नयी जान फूंकने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों के दौरान कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन में निरंतर वृद्धि की गयी है और इसके साथ ही इन क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल निरंतर जारी है।

**आवश्यक बढ़ावा : पहला,** पिछले कई वर्षों से खाद्यान्न खरीद के जरिए किसानों को दिया जा रहा मूल्य समर्थन कृषि उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने में सबसे अहम बन गया है। वित्त वर्ष 2025 के बजट में समग्र योजना पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) के तहत आवंटन 2.2 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 6.4 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यह किसानों को पर्याप्त मूल्य समर्थन प्रदान करने, खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने और व्यापारियों द्वारा बाजार पर डाले जाने वाले अनुचित प्रभाव को सीमित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं जैसे कि फसल बीमा, ब्याज सब्सिडी, और आरकेवीवाइ में एआइडीएफ (कृषि अवसंरचना विकास निधि) के तहत व्यापक प्रावधानों के परिव्यय में 10-15 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है।

**वित्त वर्ष 25 के बजट प्रावधान और प्रस्तावित पहल कृषि दक्षता एवं सहनीयता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाते हैं।**

**दूसरा,** कृषि संबंधी श्रम बल में 30 प्रतिशत महिलाएं हैं और आर्थिक रूप से सक्रिय 80 प्रतिशत से भी अधिक महिलाएं कृषि क्षेत्र में लगी हुई हैं, हालांकि वे समकक्ष पुरुष की तुलना में 20-30 प्रतिशत कम कमाती हैं और केवल 6 प्रतिशत महिलाओं की ही पहुंच संस्थागत ऋण तक है। उनकी आय में विविधता लाने और पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वित्त वर्ष 2025 के बजट में नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ेगी। उनकी आर्थिक हैसियत बढ़ जायेगी।

**तीसरा,** कृषि अनुसंधान की व्यापक समीक्षा, जिसका उल्लेख वित्त वर्ष 2025 के बजट में किया गया है, एक अत्यंत जरूरी प्रावधान है। वर्तमान में शीर्ष निकाय आइसीएआर एवं उसके संस्थान और इसके साथ ही राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू) कृषि अनुसंधान पर हावी हैं। हालांकि, शोध की राह में मौजूद वास्तविक समस्याओं का निराकरण करने और इनका व्यावहारिक समाधान खोजने की सीमित सामूहिक गुंजाइश के कारण इस प्रभुत्व पर अक्सर सवाल उठाया जाता है। एक दशक पहले विश्व बैंक ने कहा था, अनुसंधान और विस्तार या इन सेवाओं और निजी क्षेत्र के बीच बेहद कम जुड़ाव है। अतः सरकारी संगठनों के साथ-साथ चुनौती-आधारित इनाम प्रणाली (सीबीआरएस) के माध्यम से निजी क्षेत्र को शामिल करने से कृषि क्षेत्र में होने वाले अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निजी निवेश को काफी बढ़ावा मिल सकता है। एक प्रमुख खाद्य उत्पादक देश होने के बावजूद भारत कृषि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कृषि संबंधी अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने के मामले में चौथे स्थान पर है, अतः वित्त वर्ष 2025 के बजट में डीएआरइ (कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग) के लिए प्रावधान बहुत अधिक होने चाहिए थे। किसानों के सामने मौजूद तरह-तरह की दैनिक चुनौतियों के व्यावहारिक समाधानों को प्रभावकारी ढंग से व्यवस्थित करने, इन पर करीबी नजर रखने और उनका प्रचार-प्रसार करने के लिए जीएसटी परिषद की तर्ज पर एक स्वतंत्र केंद्रीय संगठन या निकाय (कृषि विकास परिषद) अत्यंत आवश्यक है।

**चौथा,** कृषि में उत्पादकता बढ़ाने हेतु संसाधनों के उपयोग संबंधी दक्षता को बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि 45 प्रतिशत खेती योग्य भूमि लगभग 84 प्रतिशत पानी का उपयोग करती है। सबसे अधिक पानी की खपत वाली तीन फसलें- गन्ना, चावल और गेहूं- 80 प्रतिशत से अधिक पानी की खपत करती हैं। विशेष रूप से, पिछले दशक में भारत की उत्पादकता चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राजील की तुलना में तेजी से बढ़ी है। उत्पादकता संबंधी लाभ के कारण उत्पन्न अधिशेष को संभालने हेतु बुनियादी ढांचे को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना भी महत्वपूर्ण है। जलवायु संबंधी नाजुकता और मौसम की चरम घटनाओं के संदर्भ में, फसल की उपज में वृद्धि को बनाये रखते हुए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जलवायु प्रतिरोधी फसल की किस्मों (सीआरसीवी) को विकसित करना और उन्हें अपनाना आवश्यक है। केवीके के ढांचे के भीतर जलवायु प्रतिरोधी बसावट [क्लाइमेट रेजिलिएंट क्लस्टर (सीआरसी)] संबंधी दृष्टिकोण, सीआरसीवी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, फसल उत्पादकता में सतत वृद्धि महत्वपूर्ण है क्योंकि 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 11 सीधे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के प्रदर्शन से जुड़े हैं।

**पांचवां,** बजट में प्रस्तावित बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआइआरसी) की स्थापना से कृषि में जैविक सामग्रियों के उपयोग को काफी बढ़ावा मिल सकता है, जिससे इनपुट सब्सिडी पर निर्भरता कम हो जायेगी। धरती माता के जीर्णोद्धार, उससे संबंधित जागरूकता के सृजन, पोषण और उन्नति के हेतु प्रधानमंत्री कार्यक्रम (पीएम-प्रणाम) का उद्देश्य राज्यों को रासायनिक सामग्रियों के उपयोग में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, कृषि के स्तर पर परिवर्तन लाने और बीआईआरसी-प्रदत्त सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु, एफपीओ और सहकारी समितियों द्वारा समर्थित पीएम-प्रणाम के भीतर एक विशिष्ट प्रोत्साहन तंत्र पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बीआईआरसी के दायरे में पशुधन चारा को शामिल करने की भी पर्याप्त संभावना है।

**छठा,** यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 2023-24 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति के एक तिहाई हिस्से के लिए सब्जियां जिम्मेदार रहीं, जिनकी कीमतें 29.3 प्रतिशत बढीं। सब्जियों की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देना और प्रमुख उत्पादन एवं उपभोग केंद्रों की पहचान करना महत्वपूर्ण है। वित्तीय वर्ष 2025 के बजट में उल्लिखित इस दृष्टिकोण से उपभोक्ताओं की खर्च योग्य आय में वृद्धि होगी और उपभोक्ता के पैसों में उत्पादकों की हिस्सेदारी बढ़ेगी। कृषि उपज मूल्य श्रृंखला में लगे स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों को वित्तपोषित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025 के बजट में विशेष मिश्रित पूंजीगत समर्थन संबंधी उपाय के रूप में 62.5 करोड़ रुपये की पेशकश निश्चित तौर पर एक महत्वपूर्ण कदम है।

**छूटी हुई कड़ियां : पहली कड़ी-** भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तन को देखते हुए, छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े उपायों को लागू करना आवश्यक है। यह स्थापित तथ्य है कि पारंपरिक फसलों के बजाय उच्च मूल्य वाले फलों, सब्जियों और संबद्ध उद्यमों के साथ विविधता लाने से उनकी आय बढ़ सकती है। इस तरह के उपायों को वित्त वर्ष 24 के बजट में शामिल किया जाना चाहिए था, क्योंकि वे निकट भविष्य में ही मांग में फिर से वृद्धि कर सकते हैं और आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं।

**दूसरी कड़ी-** फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा समर्थन उपायों ने लगातार संसाधनों पर दबाव डाला है और किसानों के लिए जलवायु संबंधी समस्याओं में वृद्धि की है। इसलिए, कृषि-जलवायु क्षेत्रों (एईजेड) और क्षेत्रीय फसल योजना की अवधारणा पर फिर से विचार करना महत्वपूर्ण है। यह दृष्टिकोण विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रारूप एवं तौर-तरीकों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित और समन्वित कर सकता है।

**तीसरी कड़ी-** कृषि उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए बाजार सुधार आवश्यक हैं। 15वें वित्त आयोग ने राज्यों में कृषि विपणन प्रणाली के आधुनिकीकरण के क्रम में आवश्यक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों की सिफारिश की है। इसलिए, विपणन प्रणाली को आधुनिक बनाने के राज्यों के प्रयासों के आधार पर उनका आकलन करने के लिए संकेतक और निगरानी व्यवस्था विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आइएसएएम) के कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ) के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए। वित्त वर्ष 25 के बजट प्रावधान और प्रस्तावित पहल कृषि दक्षता एवं सहनीयता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाते हैं, लेकिन नवाचारों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया गया है, जो अनुसंधान और विकास व्यय से प्रतिबिंबित होता है। छोटे और सीमांत किसानों पर जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट प्रभाव की पहचान करते हुए, बजट से इन तत्काल जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद थी। इन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके, भारत अपने कृषि परिवर्तन को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकता है। इस क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास और स्थायित्व को सुनिश्चित कर सकता है।

**(लेखक : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि लागत और मूल्य आयोग, (सीएसीपी) के सदस्य अधिकारी हैं। ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# मंइयां योजना के जागरूकता रथ को डीसी ने दिखायी हरी झंडी

### 21 से 50 वर्ष तक उम्र की बहनों, माताओं को हर महीने मिलेगी 1000 की सम्मान राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी जागरूकता रथ को डीसी अनन्य मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो उपस्थित रही। रथ के माध्यम से गांव- गांव तक प्रचार प्रसार कर योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुचाया जाएगा। झारखण्ड सरकार के द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों,माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार किया जायेगा।

**पंचायत स्तरीय आठ दिवसीय कैम्प का शुभारंभ आज**

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में सभी सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए 03 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय कैम्प लगाया जाएगा। वहीं नगर निकायों में भी चिन्हित स्थानों पर कैम्प लगाया जा रहा। कैंप प्रतिदिन सभी स्थानों में अगले 8 दिनों तक चलेगी। डीसी ने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कैम्प का सफल संचालन का निर्देश दिया। ताकि एक भी सुयोग्य लाभुक आवेदन जमा करने से वंचित न रह सके। कैंप में झारखंड की निवासी 21 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग का आधार से जुड़ा सिंगल बैंक खाता,जिनका बैंक खाता आधार से नही जुड़ा है वे जुड़वा कर भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती है। उसके साथ मतदाता पहचान पत्र व आधार कार्ड,झारखण्ड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार में पीला राशन कार्ड,गुलाबी राशन कार्ड,सफेद राशन कार्ड,हरा राशन कार्ड शामिल है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में आयकर अदा करने वाले परिवार,इपीटी धारी आवेदक महिला,आवेदिका स्वयं या उनके पति केंद्र व राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित,स्थायीकर्मी,संविदाकर्मी,मानदेयकर्मी के रूप में नियोजित हों अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन,पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहें हों,जिन लाभुकों को महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो,जिनके परिवार में कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद व विधायक हो उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा। झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदिका को स्वयं कैंप स्थल पर उपस्थित होना आवश्यक है। ताकि उनका आधार एवं फोटो सत्यापन किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी व शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। आवेदिका को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर हर महीने राशि के भुगतान की जानकारी दी जायेगी।

# लिलमनी बानरा को भाजपा नेता लखन मार्डी ने दिया त्रिपाल



**मुसाबनी(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी घाटशिला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी ने मुसाबनी के मोहनडेरा गांव निवासी लिलमणि बानरा और जयराम बानरा को तिरपाल देकर सहयोग किया। शुक्रवार को मुसाबनी क्षेत्र का दौर के क्रम में पार्टी के कार्यकताओं ने सूचना दिया की लालमणि बानरा तथा जयराम बानरा के घर में तेज मूसलाधार बारिश में पानी घर के अंदर गिरता है, जिससे परिवार दिन तो किसी तरह काट ले रहा है परंतु रात गुजारने में मुश्किल व काफी दिक्कतें हो रही है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है ।सूचना पाकर मोहनडेरा गांव जाकर तत्काल तिरपाल देकर सहयोग किया गया। उनके साथ शिवा मोदलियार, सत्या तिवारी, मुकेश सिंह, लोकेश पाल, स्वप्न भद्र राज नारायण दास आदि उपस्थित थे।**

# नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में बी ब्लॉक यूनिट का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज का बी ब्लॉक यूनिट में ओपीडी, मेडिकल सेंटर, रिसेप्शन और डॉक्टर्स चैंबर्स का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को चेयरमैन सह कुलाधिपति मदन मोहन सिंह और उनकी पत्नी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर नये भवन का उद्घाटन किया। मौके पर संस्थान के डॉक्टर्स,नर्स सहित सभी स्टॉफ मौजूद रहे। इससे पूर्व नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल पटना के बिहटा में 650 बेड का संचालित है। वहां लगभग पांच सौ विद्यार्थी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। पीजी की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। वैसे आदित्यपुर में ओपीडी सेवा की शुरूवात पहले से ही हो चुकी है।अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट डॉ सहित प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ सेवा दे रहे हैं। कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने बताया अस्पताल में कम खर्च में सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी। मेडिकल कॉलेज को हाईटेक बनाने के लिए हर महीने नये भवन का उद्घाटन की जारही है,ताकि आम जनता को कम खर्चे में बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

# जीर्णोद्धार के बाद श्री विश्वनाथ मंदिर में बढ़ी भक्तों की भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुसाबनी।** मुसाबनी नंबर 3 स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद मंदिर की खूबसूरती और सुंदरता में चार चांद लग गया है। श्री विश्वनाथ बाबा के भक्ति एवं समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल और समाज के लोगों ने लाखों रुपये खर्च कर श्री विश्वनाथ मंदिर को भव्यता प्रदान किया है। मंदिर जीर्णोद्धार के बाद पहली सावन महीने में श्री विश्वनाथ मंदिर मुसाबनी में भक्तों की भारी भीड़ पूजा अर्चना करने को उमड़ने लगी है। पूरे सावन महीने के लिए शिव भक्तों ने रुद्राभिषेक करने के लिए पूर्व से ही मन्दिर संचालन व देखरेख करने वाली समिति के पास अपना पंजीयन कर लिया है। शुक्रवार को समाजसेवी सह व्यवसायी पुरषोत्तम कांवटिया और उनके पुत्र विक्की कांवटिया और उनके परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से मिलकर भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया। पूजा अर्चना कर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया और ब्राह्मण को भोजन भी कराया गया। सावन के महीने में प्रतिदिन रुद्राभिषेक होने से मंदिर में भक्तों की भीड़ लगातार जुट रही है। मंदिर को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया है ।लोग भक्ति भाव से यहां पूजा अर्चना करने के लिए सुबह शाम पहुंच रहे हैं। रुद्राभिषेक कार्यक्रम को इस बार मंदिर संचालन समिति ने स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर काफी सहज और सुगम बना दिया है। श्रावण माह के शुभ अवसर पर श्री विश्वनाथ मंदिर में सावन महीने में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से बाबा श्री भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें प्रतिदिन 2 से 5 जोड़े बाबा के रुद्राभिषेक में भाग ले रहें हैं। रुद्राभिषेक करवाने की न्यूनतम राशि, सामग्री और पंडित जी की दक्षिणा सहित,2100 निर्धारित की गयी है । श्रावण महीने के हर सोमवार को भोले बाबा का भव्य श्रृंगार होगा।इसमें भी भक्तगण अपना योगदान देकर इस धार्मिक अनुष्ठान के भागीदार बन रहे हैं ।

# पैर गंवा कर घर लौटे मधु कर्मकार को मिला मदद का भरोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुसाबनी।** प्रखंड अंतर्गत तेरंगा पंचायत के तेरंगा रातमोहना गांव के रहने वाले मधु कर्मकार गरीबी से तंग आकर मुसाबनी और आसपास रोजगार नहीं मिलने के कारण सात माह पूर्व सैकड़ो ग्रामीणों की तरह वह भी पलायन कर रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र जा रहे थे। महाराष्ट्र जाने के क्रम में वह दुर्घटनावश ट्रेन से गिरने के बाद उसकी चपेट में आकर उनका दाहिना पैर कट गया था। उनके पास मोबाइल फोन नहीं होने के कारण दुर्घटना के बाद लगभग 7 महीने तक वह भगवान भरोसे अपना इलाज कराते रहे। पिछले महीना भटकते भटकते किसी प्रकार अपने गांव पहुंचे। इसकी सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम उनसे मिलने उनके घर पहुंचे। जहां मधु कर्मकार ने उन्हें बताया पैर कटने के कारण चलने फिरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से भी काफी दिक्कत हो रही है। इस पर प्रमुख ने आश्वासन देते हुए कहा अपने स्तर से जल्द बैसाखी उपलब्ध करा दूंगा। साथ ही सरकारी पेंशन के लिए पहल करते हुए पेंशन चालू कराया जायेगा।

## मारुतनंदन सोनी ने कांवरियों को अंगवस्त्र देकर किया रवाना



**मझिआंव/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी, भाजपा नेता सह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारूत नंदन सोनी ने सावन के पवित्र महीना में देवो के देव महादेव की नगरी बाबाधाम के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के 12 नंबर वार्ड खजूरी से दर्शन करने जा रहे दर्जनों कांवरियों को अंगवस्त्र देकर रवाना किया। सभी कांवरियों से अपने क्षेत्र में सुख शांति कायम बना रहे तथा भोले बाबा से आशीर्वाद मांगने को अपील किया। वहीं कांवरियों ने स्थानीय देवालयों में पूजा अर्चना कर बाजे गाजे पर थिरकते, हर हर महादेव, भोले बाबा की जय जैसे अनेकों जयकारों का उद्घोष करते हुए बाबा की नगरी चल पड़ें। वहीं कांवरियों की जत्था में सीताराम मेहता, अनुज पाल, सतेंद्र मेहता, जुगुल मेहता, पूटन मेहता, सुनील मेहता तथा अन्य लोग शामिल थे।

## बैलीगढ़ पंचायत में 'आपके द्वार जेएमएम सरकार' की शुरुआत



**रंका (आजाद सिपाही)।** बीस सूत्री के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने शुक्रवार को रमकंडा प्रखंड के बैलीगढ़ पंचायत भवन में 'आपके द्वार जेएमएम सरकार' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नितेश सिंह ने उपस्थित महिला पुरुष ग्रामीण जनता को झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सरकार की योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने 21 वर्ष से 49 वर्ष की बेटी बहन महिला को मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री मई कुई स्वावलंबन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ़्त योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, फूलों झानों योजना, सखि मंडल महिला समूह फंड योजना , गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना आदि का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया श्रवण कमलापुरी,युवा जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, बीस सूत्रि अध्यक्ष राजकिशोर यादव, विधायक प्रतिनिधि फिरोज मंसूरी सहित काफी संख्या में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ठनका गिरने से वृद्ध की मौत

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत घघरी गांव निवास 62 वर्षीय कोदू चंद्रवंशी की दिन शुक्रवार के पौने तीन बजे आकाशीय बिजली गिरने से घटना स्थल पर मौत हो गयी। कोदू चन्द्रवंशी की मौत से गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही आसपास के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने सांत्वना देने मृतक के घर पहुंच गये। मिली जानकारी के अनुसार कोदू चन्द्रवंशी अपने मवेशियों को घघरी अस्मशान घाट के दो सौ मीटर की दूरी पर अपने मवेशियों को चरा रहे थे। उसी दरमियान हो रही झमाझम बारिश के साथ अचानक वज्रपात से कोदू चंद्रवंशी की घटना स्थाल पर मौत हो गयी। वही घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारि सत्यम कुमार व प्रखंड प्रमुख अजय साव, घघरी मुखिया सरोज देवी नें मृतक के परिजनों से मिलकर इस दु:ख के घड़ी में परिजनों को सांत्वना व्यक्त किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार ने परिजनों को अस्वस्त करते हुए कहा की सरकार की ओर से मिलने वाली सारी सुविधा मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया जायेगा। जबकि धुरकी पुलिस एसआइ सुनिल कुमार राम नें घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी इकट्ठा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## मंइयां सम्मान योजना से संबंधित कैंप पंचायत भवन में लगाया जायेगा



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायत में कैंप आयोजित कर आवेदन पत्र प्राप्ति एवं ऑनलाइन करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। बताते चले की सभी पंचायत भवन में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 तक 3 अगस्त से 10 अगस्त 2024 तक कैंप लगाया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रज्ञा केंद्र के संचालक को नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि सभी पंचायत के मुखिया उप मुखिया,पंचायत सचिव,वार्ड सदस्य,जिला परिषद तथा प्रमुख को सूचना प्रेषित किया गया है। वहीं महिला परिवेक्षिका बाल विकास परियोजना प्रतिमा कुमारी को नोडल प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी पंचायत के 21 से 50 वर्ष के योग्य महिलाएं अपने-अपने पंचायत भवन में निर्धारित समय पर पहुंचकर फॉर्म भर सकते हैं। जिसमें प्रति माह इस योजना से संबंधित महिलाओं को सरकार द्वारा खाते में 1000 दिया जाएगा

# मंदिर के पास दवाई फेंकने के आरोप में तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी/ गढ़वा।** विगत 15 मार्च को कांडी थाना के सतबहिनी मंदिर के पास काफी संख्या में जो दवाएं फेकी गई थी पुलिस ने पूरे मामले का उद्वेदन कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है ।

गिरफ्तार लोगों में उक्त मेडिसिन को फेकने का मुख्य आरोपी बीआरसी कांडी का ऑपरेटर सुमंत राम जिस पिकअप वाहन से मेडिसिन फेंकी गई थी उसके मालिक वहां मिथिलेश गुप्ता तथा चालक रामाशीष मेहता का नाम शामिल है। पुलिस स्टेशन में दवा फेंकने में प्रयोग किया गया पिकअप वाहन तथा रजिस्टर भी बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बतलाया कि 15 मार्च 2024 को सतबहिनी मंदिर के पास भारी मात्रा में अंग्रेजी दवा फेंकी गयी थी। इस मामले में सार्वजनिक नुकसान निवारण अधिनियम के तहत कांडी थाना में मामला दर्ज कर जब अनुसंधान शुरू किया गया तो पता चला कि उक्त दवा कांडी बीआरसी का था, जिसे राज्य की टीम के द्वारा जांच में आने के भय से ऑपरेटर सुमंत राम ने दवा फेंकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सुमंत ने उक्त दवा को मिथिलेश कुमार गुप्ता खुटहेरिया निवासी के पिकअप भैन से अपने चालक मझिआंव थाना के बुढ़ीखांड़ निवासी रामाशीष मेहता के साथ सतबहिनी झरना के पास फेंका था। सुमंत राम कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव का मूल निवासी है। इस मामले में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। सुमंत राम ने पुलिस को अपने स्वीकारूकती बयान में अपनी गलती स्वीकार की है।



कांडी। कांडी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विदित हो कि 16 मार्च 2024 को बड़े पैमाने पर सरकारी दवाएं फेंक दिए जाने के मामला प्रकाश में आया था। उसके बाद इस मामले को लेकर लोगों में काफी आक्रोश था। इस खबर को प्रारंभ से ही आजाद सिपाही प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामले को लेकर जिलास्तरीय जाँच कमिटी भी आई पर उसका कुछ नतीजा नहीं निकल पाया था। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार इस कांड का त्वरित गति का अनुसंधान एंव अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस द्वारा अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि जो दवाएं फेंकी गयी थी वे सभी दवा बीआरसी कांडी को आवंटित की गयी थी। दवा फेके जाने में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## गायत्री शक्तिपीठ में महाकालेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर/ गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित सेंट्रल बैंक के निकट गायत्री शक्तिपीठ में शुक्रवार को श्रावण शिवरात्रि के उपलक्ष पर रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने व्रत रख भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा किया और भक्तों ने महाकालेश्वर महादेव पर बेलपत्र, दूध, दही, धतूरा, भांग आदि पूजन सामग्री चढ़कर अभिषेक कर शिव की विधिवत्त पूजा अर्चना की तथा घर परिवार के सुख समृद्धि एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की। शक्तिपीठ में प्रातः 9:00 बजे से ही रुद्राभिषेक कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे एवं परिवाजक ललसु राम के द्वारा भगवान महाकालेश्वर का शिव पूजन पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मुख्य यजमान विकास जायसवाल, सृष्टि राज एवं शुभम जायसवाल शामिल थे। रुद्राभिषेक के बाद महाकालेश्वर शिव को दूल्हे की तरह सजाया गया। इसके पश्चात महाकालेश्वर का आरती हुआ। शिव भक्तों ने हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, जय महाकाल, जय भोलेनाथ आदि के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर भक्ति में लीन हो गया। कार्यक्रम के अंत में गायत्री परिवार के परियोजना द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। शिवरात्रि के महत्व की चर्चा करते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने बताया कि हिंदू धर्म में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इसके मंत्रों में असीम शक्ति निहित होती है। रुद्राभिषेक कराने से लोगों के मानसिक शुद्धि तथा शारीरिक विकास के साथ-साथ प्रकृति में सकारात्मक ऊर्जा का भी प्रवाह होता है।

## महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए माइक्रो फाइनेंस की शुरुआत की गयी : धर्मराज पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** हाई स्कूल के समीप नीलू सिंह के मकान में फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा सामाजिक कार्यक्रम शिविर आयोजित की गयी। शिविर की शुरूआत मुख्य अथिति खरौंधी जिपस धर्मराज पासवान, झामुमो नेता सह पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, युवा मोर्चा के दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिपस धर्मराज पासवान ने कहा कि गांवों में महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से विभिन्न माइक्रो फाइनेंस की शुरूआत की गयी है। ग्रामीण महिलायें इसके माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती है। कहा कि किसी बैंक से ऋण ले तो ऋण की किस्त ससमय भर कर अपना शाख को मजबूत बना सकती है। वही पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को पहले आर्थिक अभाव के कारण किसी भी रोजगार को शुरू करने में कठिनाइयों का सामना पड़ता था, लेकिन अब माइक्रो फाइनेंस जैसी शाखाएं खुलने से उन्हें रोजगार हेतु सुलभ तरीके से ऋण उपलब्ध हो रहा है, साथ ही महिलाएं ऋण की किस्त भी समय पर चुका रही है। जबकि प्रशिक्षक केशव सदा ने वित्तीय साक्षरता को लेकर महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमेशा अधिकृत संस्थाओं से ही ऋण लें। जब भी कोई व्यक्ति ऋण लें तो अपनी देय मासिक किश्त और देय राशि का भुगतान समय से करें ताकि सिबिल स्कोर खराब न हो व आगे कभी भी बैंक से ऋण लेने में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि बैंक से ऋण लेने में सीबिल स्कोर की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीबिल एक तरह कि क्रेडिट इनफार्मेशन कंपनी है। इस मौके पर फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस डीएम दीपक राम, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील पासवान, शाखा प्रबंधक चंद्रमा कुमार, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारी संघ को डॉ एमएन खान ने दिया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पिछले 27 जुलाई 2024 से नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ को एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने समर्थन दिया है। इस अवसर पर डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की सभी मांगे जायज हैं। उनकी मांगों को झारखंड सरकार को अविलंब मानते हुए इन्हें हड़ताल से वापस करना चाहिए। ताकि अनुसचिवीय कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से जो कार्य बाधित है।वह सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को हड़ताल पर चले जाने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनता का काम बाधित हो जाता है। ऐसे में झारखंड सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के नेताओं ने बताया कि वे 9 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। लेकिन झारखंड सरकार के द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की गई है।उन्होंने कहा कि झारखंड अनुसूचियां कर्मचारी संघ के 9 सूत्री मांगों में ग्रेड वेतन में संशोधन, प्रोन्नति की कार्य अवधि 4 वर्ष करने, एमएसीपी एवं वरीयता के अनुसार वेतन संरक्षण का लाभ, राज्य स्तरीय उच्च समिति की अनुशंसा के अनुरूप वेतनमान, समाहरनालय संवर्ग में पद नाम का परिवर्तन, समाहरणालय एवं अन्य संलग्न कार्यालय में पद सृजन, झारखंड प्रशासनिक सेवा में 25 प्रतिशत पद समाहरणालय कर्मियों के लिए, चतुर्थ वर्गीय कर्मियों से तृतीय वर्ग में प्रोन्नति तथा आउटसोर्स कर्मी का नियमितीकरण तथा सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने आदि मांगे शामिल हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक – 01.08.2024 को इस कार्यालय के पत्रांक – 1172/न0पं0 दिनांक – 01.08.2024 के द्वारा Advertisement PR No- 331592 से प्रकाशन कराया गया है। प्रकाशित निविदा में अंकित क्रम संख्या 09 के निविदा को अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 331659 Urban Development (24-25)_D

## जेएमएम लोकतंत्र की हत्या कर रहा है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन 1 अगस्त 2024 को झामुमो विधायक सुदीब्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने भाजपा के 18 विधायकों को शुक्रवार को दिन के 2 बजे तक के लिए सदन से निलंबित करने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह तानाशाही है हेमंत सोरेन और झामुमो सरकार का डेमोक्रेटिक तरीके से विरोध करने पर भाजपा विधायकों पर चाबुक से वार करने जैसा व्यवहार करना और सदन से निलंबित करवा देना यह दशार्ता है कि निश्चित रूप से आने वाले 2 महीने के बाद सरकार बदलेगी। इस बात को ध्यान में रखकर ही वर्तमान सरकार को कार्य करनी चाहिए। जिनमीन मांग और जायज मांग कर रहे भाजपा के 18 विधायकों को सदन से इस तरह से निलंबित कर देना यह एक तरह से लोकतंत्र की हत्या है। बिना किसी दोस के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है उससे यह पता चलता है कि वर्तमान सरकार निरंकुश हो चुकी है पूरे भारत के इतिहास में पहली बार सदन से 18 विधायकों को निलंबित किया गया है।

## हत्या का फरार आरोपी रतन रजवार गिरफ्तार



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोलूहुआ गांव निवासी सह 25 वर्ष के पुराना उग्रवादी एवं हत्या के आरोपी रतन रजवार को बरडीहा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर बरडीहा थाना लाई एवं शुक्रवार को गढ़वा जेल भेज दिया गया। इधर थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रतन रजवार पर 2000 में उग्रवादी गतिविधियों एवं हत्या के मामले में मझिआंव थाना केश कांड संख्या 25/2000मे मामला दर्ज किया गया था, तब से वह अपने घर छोड़कर फरार चल रहा था, घर से फरार था जिसे29 जुलाई को न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर डगडुगी बजाकर इश्तिहार पुलिस चिपकाई थी। जिसे नुतन टीवी में 29जुलाई के अंक में प्राथमिकता के साथ खबर छपी थी , पुलिस को रतन रजवार को सूरत के ह्वपीह्व नामक स्थान में होने की गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर 2 अगस्त को गढ़वा जेल भेज दिया गया। इधर पुलिस उसे खोज-बीन करने में काफी परेशानियों का सामना की थी एवं सर दर्द बना हुआ था,अंतोगत्वा बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव के काफी मेहनत एवं सूझबुझ से यह 25 साल पुराना अभियुक्त को आखिरकार बरडीहा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे गढ़वा जेल भेज दी ।

## हेमंत सरकार में जनता की बात नहीं सुनी जा रही है : रामचंद्र केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड की वर्तमान सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है, पूर्व में भ्रष्ट अधिकारियों पर कारवाई होती थी, जनता को न्याय मिलता था परंतु आज हेमंत सरकार में जनता की बात नही सुना जा रहा है। उक्त बातें भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा। उन्होंने कहा कि पहले कार्रवाई होती थी, यदि कार्रवाई नही होती थी तो रांची व दिल्ली से जांच टीम गठित करवाकर जांच करवाया हूं, कार्रवाई हुई है। सगमा बीडीओ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं वे अमानवीय कार्रवाई करते हैं फिर जांच अधिकारी बीडीओ को बचाते हैं। कोई कार्रवाई नहीं होती है, जिससे सरकार की बदनामी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि धुरकी प्रखंड के ग्रामीण गुप्ता गोड़ को न्याय नही मिला तो उच्चस्तरीय जांच कराऊंगा।

उन्होंने कहा कि नगर उंटारी के तत्कालीन बीडीओ सह श्री बंशीधर नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के कार्यकाल में सोलर लाइट लगाने सबंधी कार्यो में काफी घोटाला किया गया था। जिसकी जांच के लिये नगर विकास के प्रधान सचिव विनय चौबे ने विभागीय पदाधिकारी रतन कुमार को टीम गठित कर जांच का आदेश दिया था। स्थल जांच में मिलीभगत के बाद पुनः जांच के लिये विभागीय सचिव मनोहर मरांडी, संयुक्त सचिव को तीन सदस्यीय जांच टीम से जांच कराने का आदेश दिया था। दो दिवसीय स्थल जांच करने के बाद जांच में प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के साथ कई अधिकारी भी दोषी पाये गये। श्री केशरी ने कहा कि जब इस संबंध में कार्मिक विभाग रांची से सूचना मांगा तो कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने की जानकारी मिली।

**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा**

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25
दिनांक 01.08.2024

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15 वें वित्त आयोग | | | | |
| 1 | 14 | बजरंग मुहल्ला में अशोक सिंह के घर से रंजीत विश्वकर्मा घर होते हुए रेलवे पुलीया तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण ढक्कन सहित एवं अशोक सिंह के घर से रंजीत विश्वकर्मा घर तक पी0सी0सी0 पथा निर्माण। | 5453740.00 | 109100.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 2 | 14 | जयनगर रोड रेलवे पुल से कामदेव सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 3491208.00 | 70000.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 3 | 14 | कोडरमा जयनगर मेन रोड से मनीष पाण्डेय के घर होते हुए रेलवे पुल भाया विकास सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 3893105.00 | 77900.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 4 | 01 | हरि सभा स्कुल से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना (घटक–03) के तहत् निर्मित भवन तक पी0सी0सी0 सडक एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 3475190.00 | 69510.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 5 | 07 | प्रेम सागर तालाब के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने एवं सोलर लाईट अधिष्ठापन का कार्य। | 2503723.00 | 50100.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 6 | 01 | नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय के दक्षिण एवं पश्चिम में शेड निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल एवं पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 4342534.00 | 86900.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 7 | 14 | वार्ड 14 में बने मार्केट कॉम्पेलेक्स के पीछे से प्रदीप पाण्डेय के घर तक नाला के दोनो तरफ नाला सफाई एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 3795493.00 | 76000.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 8 | 01 | राजा तालाब में चार हाईमास्क लाईट अधिष्ठापन एवं तालाब के पूर्व दिशा में पेटिंग कार्य एवं ओपेन जीम का अधिष्ठापन कार्य। | 3214894.00 | 64300.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 9 | 12,01 | कर्दम ऋषि पार्क से बाघीटांड चेकनाका NH-31 तक एवं ध्वजाधारी परिसर में खम्भा (पोल) सहित लाईट अधिष्ठापन कार्य। | 3999940.00 | 80000.00 | 100000.00 | 6 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | | 07-08-2024 (10:00 AM) |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | | 16-08-2024 (05:00 PM) |
| C | Date of opening Tender | | | | | 17-08-2024 (11:00 AM) |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma |
| E | Helpline No. | | | | | +91-9229932626 |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 331592 Urban Development(24-25).D

### हाइकोर्ट के आदेश के दो साल बाद जागी सरकार

## ट्रायल कोर्ट से अनुसंधान करने की मांगी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में 14 अगस्त 2015 को किसान अधिकार महारैली के दौरान हुई झड़प के दौरान चर्चित ढेंगा गोलीकांड का मामला फिर एक बार सुर्खियों में है। झारखंड हाइकोर्ट में राज्य सरकार जून 2022 में घटना की सीआइडी जांच टेकओवर कर जांच कराने का शपथ पत्र देकर भूल गयी थी। सरकार की नींद तब खुली, जब पुनः मंटू सोनी ने अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और राहुल कुमार मिश्रा के माध्यम से झारखंड हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दायर की। इसके बाद सरकार की नींद खुली और रांची सिविल कोर्ट के सहायक लोक अभियोजक ने 29 जुलाई 2024 को एडीजे 7 विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में सीआइडी जांच की अनुमति के लिए आवेदन दिया है।

**हाइकोर्ट में सीआइडी ने कहा, तीन पत्र ट्रायल कोर्ट को लिखा, अनुमति नही मिली है :** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के आदेश के बाद सीआइडी ने कांड से संबंधित केस टेक ओवर कर लिया, लेकिन जांच नही कर रही थी। इधर ट्रायल कोर्ट में ट्रायल जारी रहा। ट्रायल कोर्ट में मंटू सोनी द्वारा आवेदन दिये जाने के बाद अनुमति नहीं मिलने पर प्रार्थी मंटू सोनी ने पुनः हाइकोर्ट में याचिका दायर की। जहां सीआइडी ने शपथपत्र के माध्यम से कांड के अनुसंधान की अनुमति के लिए तीन बार ट्रायल कोर्ट को पत्र लिखने की बात स्वीकार की है। वहीं आनन-फानन में सहायक लोक अभियोजक ने विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट से 29 जुलाई को सीआइडी पत्र के आलोक में अग्रेतर अनुसंधान हेतु अनुमति देने का आग्रह किया है।

## तीन बैग गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस प्रशासन की मिली बड़ी सफलता पुलिस अधीक्षक सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार यूके नंबर का जो रांची चंदवा की ओर से डालटनगंज की ओर जा रही है। जिसमें अवैध रूप से मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है।

सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरबिंद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर लातेहार थाना के सामने वाहन चेकिंग किया जाने का कार्य किया गया। समय रात्रि 11.15 बजे एक सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार आते दिखाई दिया जो पुलिस का बैरिकेटिंग को देखकर पहले ही गाड़ी रोक दिया तथा उसमें सवार व्यक्ति भागने लगे जिनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। वाहन संख्या यूके 07 बीके 0347 को जब स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष



विधिवत तलाशी लिया गया। स्वीफ्ट डिजायर कार के पिछले सीट पर एक काला रंग का बड़ा बैग एवं कार के डिक्की में दो काला रंग का बड़ा बैग पाया गया। साक्षियों के समक्ष खोलकर देखने पर तीनों ही बैग में ब्राउन कलर का प्लास्टिक के रेपर में लपेटा हुआ मादक पदार्थ पाया गया। जिससे एक पैकट को खोलकर देखने एवं सुघने से पता चला की रेपर के अंदर मादक पदर्थ गांजा है। तीनों बैग से कुल 45 पैकेट रेपर में लपेटा हुआ पाया गया। जिसको इलेक्ट्रोनिक मशीन से तौलने पर कुल 45. 100 किलो पाया गया जिनका अनुमानित कीमत 22,55000 रुपया है। उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। इस कांड मे अभियुक्त सुनील कुमार, उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में लातेहार थाना काण्ड सं0-139/2024, धारा-20 29 ठउद्धर अू३. के अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी अरविन्द कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार।

प्रमोद कुमार सिन्हा, लातेहार थाना भागीरथ पासवान थाना प्रभारी एससी/ एसटी लातेहार थाना। कृष्णपाल सिंह पवैया, लातेहार थाना, रविन्द्र महली, लातेहार थाना। रामकिशोर उरांव, लातेहार थाना रिर्जव गार्ड, संजय कुमार सिंह, लातेहार थाना रिर्जव गार्ड, उपेन्द्र सिंह, लातेहार थाना के जवान मौजूद थे।

## प्रेमी संग मिल पति की हत्या

### जंगल से शव बरामद, पत्नी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा पतरा से पुलिस ने सड़ा गला शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। शव का पहचान गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर ग्राम निवासी खदी उरांव का 27 वर्षीय पुत्र अजित उरांव के रूप में किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम सोमवार को कंडरा जंगल में दिया गया था। जिसका शव शुक्रवार को मिला। वही परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया जाता है की मृतक अजित उरांव की पत्नी ममता देवी उम्र 25 वर्ष अपने आशिक के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी अजित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया है । वहीं मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि घटना प्रेम प्रसंग का है। एक महिला द्वारा हत्या करना संभव नहीं है। पत्नी द्वारा प्रेमिका के साथ मिलकर हत्या करने की बात कही गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक की पत्नी से पूछताछ कर इस कांड में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी लिया जा रहा हैं। जानकारी मिलने के बाद कांड में संलिप्त प्रेमी और अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'स्वतंत्रता दिवस-2024' के दिन लोहरदगा जिला में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास और 10.30 बजे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, अनुमण्डल



कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। वही स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया।

**टॉपर्स और खिलाड़ियों को किया जायेगा सम्मानित:** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस वर्ष के 10वीं की परीक्षा में जैक, सीबीएसइ और आईसीएसई बोर्ड से लोहरदगा जिला में तीनों बोर्ड के टॉपर्स को मुख्य मंच पर सम्मानित किया जाएगा। 12वीं की परीक्षा में तीनों अलग-अलग संकाय से एक-एक टॉपर्स को सम्मानित करने का निर्णय बैठक में लिया गया। साथ ही, वैसे खिलाड़ियों जिन्होंने बीते एक वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल हासिल किया हो उन्हें मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

## किस्को पाखर बॉक्साइट माइंस का जिप उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता


**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के पाखर बॉक्साइड माइन्स का लोहरदगा जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, व किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई खामियां पाया गया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कहा कि बीकेबी कंपनी के द्वारा डुमरपाट गांव में 10 एकड़ 61 डिसमिल जमीन पर अवैध तरीके से बॉक्साइड का खनन किया गया है और इसके बदले में रैयतो को पैसा नहीं दिया है व कंपनी के द्वारा साक्छ को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है इस पर जांच करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा हिंडाल्को कंपनी क्षेत्र में विकास के नाम पर आम जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। जिस पर जिला परिषद उपाध्यक्ष व किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने कंपनी के प्रति काफी नाराजगी व्यक्त किया है।

## लातेहार में अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं, राज्य योजनामद अंतर्गत संचालित योजनाओं, सांसद मद अंतर्गत संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रम में



पाया कि कार्य पूर्ण के अनुरूप व्यय का प्रतिशत स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें अगले 10 दिनों के अंदर पूर्ण कर स्पष्ट रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदको के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गयी एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सूरज प्रकाश चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बजट में कौशल विकास पर जोर, 20 लाख युवा बनेंगे हुनरमंद : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने केंद्रीय बजट को लेकर शुक्रवार को अटल भवन में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट पूर्णत समावेशी बजट, सर्वस्पर्शी बजट, अंतिम इकाई में बैठे हुए लोगो के विकास को लेकर बजट है। बजट में दलहन तेलहन की खेती पर जोर, कामगारों के विकास, पीएम आवास, 20 लाख युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रावधान किया गया है। एमएसएमइ, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, कृषि, श्रम आदि पर फोकस किया गया है। लोगो को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया जा



रहा है। कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ते हुए कार्य करने की सोच पीएम मोदी की है। मजदूरों की बीमा, पैसा, सुरक्षा आदि प्रावधानों पर जोर देते हुए कार्य किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थान में कौशल विकास के पाठ्यक्रम को जोड़ा जा रहा है। कृषि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मुख्य आधार है। समीर उरांव ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार यह अवसर प्राप्त हुआ है जब मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। पीएम मोदी ने यह निश्चय किया है कि आने वाले 2047 में आजादी के 100 वर्ष होगा। इस समय तक यह देश दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर स्थापित हो उसके लिए कृत संकल्प होकर कार्य कर रही हैं। इस देश को दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचायेंगे इस दृष्टि से उन्होंने इस बजट में प्रावधान किया है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री ने इस देश के अंतिम इकाई में बैठे हुए लोगों का समुचित और सर्वांगीण विकास, देश आत्मनिर्भर कैसे होगा और आत्मनिर्भर होकर के दुनिया के पहले स्थान पर कैसे पहुंचेगा इसको लेकर बजट में प्रावधान लाया है। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, सजल प्रसाद समेत अन्य शामिल थे।

## हाथियों ने विद्यालय में रखा चावल खाया



**कैरो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे डुमरटोली स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में रखे दो क्विंटल चावल को गुरुवार रात्रि हाथियों के झुंड ने खाकर सफाचट कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए विधालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण गोप ने बतलाया कि रात्रि में हाथियों का झुंड आया और खिड़की व दरवाजा को तोड़कर विद्यालय में रखे चावल को खा गये। खिड़की दरवाजा समेत अन्य सामानों का नुकसान कर गये।

## मंइयां सम्मान योजना को लेकर 10 अगस्त तक लगेगा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर पंचायत के मुखिया, शाखा प्रबंधक, पंचायत सचिव, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका और वीएलई को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं में एक महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना है जिसमें महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाया गया है। उक्त योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना से लाभान्वित करने को लेकर आज यानी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सेविकाएं अपने पोषक क्षेत्र में डोर टू डोर पहुंच कर ऐसे महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि एक एक पंचायत में पांच पांच वीएलई को लगाया जाएगा। बताया कि वैसे लाभार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे जो झारखंड के स्थानीय हों साथ ही उनके पास आवश्यक दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, पहचान पत्र, बैंक खाते जो आधार लिंक हो इसके अलावा राशनकार्ड है। आगे उन्होंने योजना का सफल क्रियान्वयन को लेकर संबंधित कर्मियों को वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करने की अपील किया है।

## नये डीएसइ ने लिया प्रभार



### शैक्षिक विकास के लिए करें प्रयास : सुनंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सबों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में लोहरदगा को अव्वल नंबर पर लाना पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें नवपदस्थापित डीएसई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने डीएसई कक्ष में शिक्षक संघ के द्वारा स्वागत समारोह के दौरान कही। श्रीमती सुनंदा दास ने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से शैक्षणिक विकास के लिए कार्य करें। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद, शिक्षक नेता अरुण राम ने नए शिक्षा अधीक्षक का बुके देकर स्वागत करते हुए कहा कि संघ भी शिक्षा की बेहतरी के लिए सदैव सहयोग किया है, आगे भी तन मन के साथ सहयोग करेगा। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान एक शिक्षकीय विद्यालय में अन्य शिक्षक का पदस्थापन, प्रोन्नति में आए समस्या का निराकरण करने, रुआर प्रोग्राम 2024 का सफल क्रियान्वन आदि मुद्दे शामिल थे। मौके पर शिक्षक मुश्ताक अहमद, राजेंद्र प्रसाद समेत कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों को सर्पदंश के उपचार पर दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो के द्वारा सर्पदंश की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार कैसे करना है उसको एंटी स्नेक वेनम कैसे देना है अगर केन्द्र में एंटी स्नेक वेनम नहीं है तो तुरंत दूसरे अस्पताल रेफर करना है। जिला महामारी विशेषज्ञ, क्ळरढ के प्रशांत चौहान ने इसके साथ ही उन लोगों को बताया गया कि सांप काटने के मरीजों को इसके लिए जागरूक करना है कि वह झाड़ फूंक के



चक्कर में नहीं पड़, उसके लिए एंटी स्नेक वेनम लेने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया। इसके अलावा सर्पदंश से लोगों की मौत का मुख्य कारण इलाज में देरी और समुदाय में जगरूकता की कमी देखी जा रही है। झारखण्ड राज्य में पाये जानेवाले सांप की 250 से अधिक प्रजातियों में केवल 25 प्रतिशत ही विषैले होते है सभी सांप विषैले नहीं होते है दरअसल घबराहट की वजह से हृदय गति रुकने से भी मौतें होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, नाजीश अख्तर, आलोक कुमार गुप्ता, विमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में छात्रों के बीच साइकिल बांटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिल का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में मध्य विद्यालय भौरों में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी बिना कुमारी, शिक्षक सरोज उरांव, मनोरमा अगस्टिन टोप्पो, मुखिया सुमंती तिग्गा के द्वारा 33 साइकिलों का वितरण छात्रों के बीच किया गया। मौके पर छात्र साइकिल प्राप्त कर काफी खुश नजर आये। छात्रों ने कहा कि अब भी विद्यालय सुगमता पूर्वक आयेंगे और समय से विद्यालय आयेंगे।

## राज्य सरकार के खिलाफ सात को धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार मे भाजपा महिला मोर्चा की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सह कार्यक्रम के सह प्रभारी सुशीला देवी ने। बैठक मे प्रमुख सुशीला देवी ने बताया कि रघुवर सरकार में महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की गयी, मगर सरकार बदलते ही महिला विरोधी कार्य इस सरकार में होने लगे। एक रुपया में 50 लाख तक कीमत की जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री हो या महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए उठाये गये कई कदम हो। रघुवर सरकार ने इसको लेकर तत्परता से काम किया। साथ ही आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत मे सात अगस्त 2024 को लातेहार जिला मुख्यालय मे महिला विरोधी हेमंत सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन मे सैकड़ो महिलाओ को शामिल होने का आह्वान किया है।

## पलामू सांसद ने की रेल मंत्री से मुलाकात, क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में जाकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलकात की। उन्होंने रेल मंत्री को पलामू संसदीय क्षेत्र में रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। बताया कि एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है, जबकि दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। दोनों में समानता यह है कि कई किलोमीटर तक रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं पर वर्षों से उस पर कार्य बंद हो गया है। सांसद ने रेल मंत्री से इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण करवाने की मांग की। बताया कि हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी रेल मंत्री से मुलकात कर बरवाडीह-चिरिमिरी-अंबिकापुर रेल लाइन के निर्माण का अनुरोध किया है। वहीं बंदे भारत ट्रेन को टाटानगर मुरी रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने पर इस रूट के भी यात्रियों को लाभ मिलने की बात कही। बताया कि उक्त रूट पर वाराणसी के लिए ट्रेनें भी कम है। इतना ही नहीं, इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, डालटगंज एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रधानमंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना भी है। वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड व जपला मार्ग पर चलाने की स्वीकृति प्रदान करने की अपील की। कहा कि रांची से पटना जाने के लिए वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हो गया है जिसके मार्ग में हजारीबाग, गिरीडीह एवं कोडरमा जिला पड़ते हैं जो झारखंड के हैं और रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन से कनेक्ट हो गए हैं। इस लिए वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा डालटनगंज, गढ़वा रोड व जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय। बताया कि कोरोना काल में ही बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन बंद किया गया था, जिसे अब तक शुरू नहीं किया गया है। नहीं हो सका है। उससे पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस लिए उक्त ट्रेन का परिचालन दोबारा चालू किया गया। इसके अलावा पटना-सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11448/11449 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की। विदित हो कि उक्त स्टेशन पर चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन एवं रांची चोपन एक्सप्रेस रूकती है। इसके अलावा कोई अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग काफी दिनों से की जा रही है। उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रांची वाया चोपन-चुनार होते हुए नई दिल्ली तक जाती है। विदित है कि धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत गढ़वा रोड चोपन रेल खण्ड पर स्थित नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) झारखण्ड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां श्री राधा-कृष्ण की 32 मन की अद्वितीय स्वर्ण प्रतिमा विराजमान है। यहां आने वाले श्रद्धालु श्री बंशीधर नगर को दूसरा मथुरा और वृंदावन मानते हैं। ऐसे नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन की ठहराव की आवश्यकता है। इस तरह कई अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की। सांसद ने बताया कि उपरोक्त विषयों के संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए वर्णित मांगों पर सहमति जतायी है। उम्मीद है जल्द जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी।

## हुसैनाबाद में 2.26 करोड़ की लागत से बनेगा स्टेडियम, निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

### आने वाले दिनों में युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की जायेगी : विधायक

**कहा- क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा पूरा**

आजाद सिपाही संवाददाता


विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के अथक प्रयास से हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। स्टेडियम का निर्माण 2.26 करोड़ रुपए की लागत से होगा। इसकी स्वीकृति झारखंड सरकार की पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने दी है। इस संबंध में विधायक कमलेश सिंह ने बताया कि युवाओं व खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने बड़ा स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। स्टेडियम बनने से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा। वहीं, एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति पर टीम सूर्या की ओर से विधायक कमलेश सिंह को बधाई दी है। कहा कि हुसैनाबाद में स्टेडियम निर्माण कार्य के अलावा युवाओं को सभी जगह तरजीह देने का काम हुआ है। सूर्या सिंह ने कहा कि कुछ माह पहले इस स्टेडियम का प्राक्कलन सिर्फ 67 लाख का बना था। बाद में इसे बढ़ा कर 2.26 करोड़ कराने में थोड़ा समय लगा। वहीं, विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की जायेगी। इसमें वह लगे हुए हैं। जल्द ही परिणाम सामने आने की संभावना है। उधर, स्टेडियम निर्माण को स्वीकृति मिलने से खिलाड़ियों में काफी उत्साह है

## नगर आयुक्त से मिले अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** श्रावण महीने में बारिश संतोषजनक हो रही है। हालांकि झुगी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी हुई है। जल जमाव, बिजली-पानी की समस्या बनी हुई है। इन समस्याओं को लेकर झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने शुक्रवार को मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त से उनके दफ्तर में जाकर मुलाकात की। उन्होंने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व मिट्टी का बॉटल-कप देकर स्वागत किया। साथ ही समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस पर नगर आयुक्त ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में बच्चों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण को बचाने के लिए एक वृक्ष अपने नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। विद्यालय के निदेशक शशिकेश कश्यप ने कर्मियों व छात्र-छात्राओं के साथ दर्जनों पौधे लगाये। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार है। प्रत्येक वर्ष गर्मी प्रचंड रूप धारण करती जा रही है। जिससे निजात पाने का एक ही उपाय है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। सभी अभिभावक एवं बच्चों से निवेदन है कि अपने नाम का एक पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ है तो जीवन है।

## पीपरा में अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने 150 विद्यार्थियों को दी साइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में गुरुवार को जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, पीपरा सांसद प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद गुप्ता, मधुबना मुखिया राजेश राजवंशी ने संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं के बीच 150 साइकल का वितरण किया। मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदत्त कक्षा 8 वर्ग के छात्र छात्राओं को दिया जा रहा है। जिससे घर से स्कूल आने जाने में विद्यार्थियों को सहूलियत होगी। वहीं पलामू जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू ने बताया कि हीरो ईको टेक लिमिटेड के द्वारा कावेरी क्रोस कंपनी की साइकल वितरण योजना के तहत विद्यार्थियों को उन्नति का पहिया उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सर्जुन राम, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी अमित कुमार, पीपरा उच्च विद्यालय एच एम अनुपमा ज्योति, यदुवाडीह एच एम कमल बिहारी, गजना एच एम बिरेंद्र राम, धवतर एच एम संजय राम, रसिटोला एच एम इंद्रजीत राम, बभंडी शिक्षक बैजनाथ राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चुनाव संपन्न, शिक्षक प्रतिनिधि बने डॉ राजेश्वर चौधरी

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें डॉ राजेश्वर चौधरी शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए। चुनाव प्रभारी कनीय अभियंता पीयूष पांडेय और प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम के नेतृत्व में मतदान की प्रकिया संपन्न हुई। शिक्षक प्रतिनिधि को लेकर दो शिक्षक नागेंद्र साहू और डॉ राजेश्वर चौधरी ने पर्चा भरा था। शिक्षकों ने नागेंद्र साहू को 13 और डॉ राजेश्वर चौधरी को 14 वोट दिया, जबकि एक वोट रद्द हो गया। प्राचार्य दिलीप कुमार राम एवं शिक्षकों ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधि को जीत की बधाई दी। कहा कि उम्मीद है कि नये शिक्षक प्रतिनिधि के नेतृत्व में महाविद्यालय का विकास तेजी से होगा।

## 13 से धरना को लेकर विश्रामपुर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के खिलाफ 13 अगस्त को धरना-प्रदर्शन करने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से शुक्रवार को विश्रामपुर शक्ति केंद्र में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। बैठक के भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीटू गुप्ता व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम भी शामिल हुए। इससे पहले बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्ज्वलित एवं वंदेमातरम गीत गाकर किया गाया। साथ ही महिला मंडल द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष चर्चा की गयी। साथ ही झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों व विपक्ष के नेताओं को मुंह बंद करने के लिए की जा रही सख्ती के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने 13 अगस्त को जिला में विरोध प्रदर्शन करने पर अपनी-अपनी सहमति जतायी। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की रूप रेखा की जानकारी दी। मौके पर इद्रीश हवारी, सुनिल कुमार चौधरी, बबिता देवी, किरण देवी, देवनारायण सिंह, भिखारी साव आदि उपस्थित थे।

## आनंद कुमार बने जपला एके सिंह कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज में शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में शिक्षक प्रतिनिधि का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसके लिए दो उम्मीदवार प्रोफेसर मुकेश कुमार और डॉक्टर आनंद कुमार मैदान में थे। प्रोफेसर मुकेश कुमार को 13 मत और डॉ आनंद कुमार को 14 मत मिले। डॉ आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। इस चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन पदाधिकारी प्रो रेखा कुमारी सिंह, पीठासीन पदाधिकारी प्रो सुधीर कुमार सिंह और मतगणना पदाधिकारी लेखापाल ओम प्रकाश सिंह थे। डॉ आनंद कुमार की जीत पर कॉलेज के प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, प्रो डॉ राम सुभग सिंह, प्रो शशि भूषण, प्रो मुकेश कुमार, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, प्रो रवि कुमार, प्रो राहुल कुमार सिंह और अभिषेक कुमार आदि ने बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर शिविर आज



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 21 से 50 साल तक की महिलाओं को 'मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना' का लाभ देने के लिए शनिवार से शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में वार्डवार 10 अगस्त तक लगाया जाएगा। बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने शुक्रवार को बताया कि 21 से 50 वर्ष आयु तक की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सरकार की ओर से मुख्यमंत्री मइया योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

## छतरपुर में डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर पंचायत के फुलवारी मैदान में डिजनी लैंड मेला का उद्घाटन बीडीओ आशीष कुमार साहू, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, समाजसेवी अरविंद कुमार गुप्ता, शिक्षक जितेंद्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेला स्थल को विभिन्न आकर्षक झूलों, खेलों और खाने-पीने के स्टॉल्स से सजाया गया है, जिससे यह बच्चों और परिवारों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। मेला प्रबंधन समिति ने सभी के मनोरंजन के लिए व्यापक व्यवस्था की है।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–सुरेन्द्र राम, उम्र–24 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 5 ईंच पहनावा–सफदे रंग का शर्ट नीला रंग का पैंट पहने हुए है। ।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सुरेन्द्र राम, पे0–चन्द्रिका राम, सा0–भडगावॉ, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू, वर्तमान पता–सा0–झखराटॉड, थाना–रातु, जिला–रॉंची जो दिनांक–05.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में रातु थाना सनहा संख्या 26/2024 दिनांक–06.06.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0, द्वितीय, रॉंची –9431706142
थाना प्रभारी रातु, रॉंची। –9431706175


वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 331563 (Police)24-25*D



### वरीय पुलिस अधीक्षककाकार्याल, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–महेश कुमार राय, उम्र–38 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई– 5 फीट, 6 ईंच पहनावा–टी शर्ट एवं फुल पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति महेश कुमार राय, पे0–स्व0 हर मोहन राय, वर्तमान पता–कमरा नं0– 403 महालक्ष्मी कॉम्पलेक्स लाईन टैंक रोड चडरी, थाना–कोतवाली, जिला– रॉंची, वर्तमान पता महादेव देवला, थाना–सोनारायठाडी, जिला–देवघर जो दिनांक– 28.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में कोतवाली सनहा संख्या 25/2024 दिनांक– 07.07.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, रॉंची – 9431770077
थाना प्रभारी कोतवाली, रॉंची। – 9431706158

वरीय पुलिस अधीक्षक रॉंची

PR 331578 Police (24-25)_D


# स्पोर्ट्स



पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीन ने ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद हरा कर इतिहास रच दिया है।

## ओलिंपिक हॉकी : भारत ने 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया



**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा दिया है। ओलिंपिक हॉकी के इतिहास में भारत ने 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया पर आखिरी जीत 1972 में मिली थी। टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल किए। एक गोल अभिषेक ने किया। सभी ग्रुप मैच पूरे होने के बाद यह तय हो जाएगा कि इंडिया क्वार्टर फाइनल में किस टीम से भिड़ेगी। दूसरी ओर, स्टार शूटर मनु भाकर ने लगातार तीसरे इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। तीरंदाज अंकिता भकत और धीरज की भारतीय टीम मिक्स्ड कैटेगरी का ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गई है। भारतीय जोड़ी को अमेरिका ने 6-2 से हराया। **आर्चरी :** आर्चरी में भारतीय मिक्स्ड टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में अमेरिका से हार गई। भारतीय टीम को अमेरिका ने 6-2 से हराया। ब्रॉन्ज मेडल मैच में अमेरिकी तीरंदाजों ने शुरूआती दो सेट 38-37, 37-35 से जीतकर 4-0 की बढ़त हासिल की। फिर भारतीय जोड़ी ने 38-34 से तीसरा सेट जीतते हुए स्कोर 4-2 कर लिया, लेकिन आखिरी सेट के पहले निशाने चूकने के बाद भारतीय टीम यह सेट 37-35 से हार गई।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला

(सामान्य शाखा)

आवश्यक सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362/2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड रॉंची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके विरूद्ध कुल 12290 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें दावा आपत्ति एवं स्क्रुटनी के पश्चात् कुल 9672 (नौ हजार छः सौ बहत्तर) आवेदन स्वीकृत किये गए हैं। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा दिनांक–11.08.2024 को निर्धारित है। प्रवेश पत्र का वितरण प्रतिदिन कैम्प लगाकर संबंधित प्रखण्ड से किया जायेगा। अगर किसी अभ्यर्थी को दिनांक–07.08.2024 तक प्रवेश पत्र संबंधित प्रखण्ड से नहीं प्राप्त होता है, तो वैसे अभ्यर्थी उपायुक्त का कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, गुमला कमरा संख्या–09 में आकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित प्रखण्ड/उपायुक्त का कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, गुमला में अभ्यर्थी अपना अद्यतन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ, पहचान पत्र या आधार कार्ड साथ में लेकर आयेंगे।

विश्वासभाजन,
उपायुक्त, गुमला।

PR 331557 District(24-25)D

## सीसीएल सीकेएस के नाराज अधिकारियों-सदस्यों ने दिया इस्तीफा



**कथारा (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ कथारा क्षेत्र के कई अधिकारियों-सदस्यों ने यूनियन से अपना इस्तीफा दे दिया। इसमें पूर्व जेसीसी सदस्य सह पूर्व कल्याण सदस्य सीसीएल आर इग्नेस, संगठन के पूर्व क्षेत्र सचिव राज मंडल, पूर्व क्षेत्रीय सह सचिव देवनारायण यादव आदि मुख्य रूप से शामिल है। इसके साथ ही पूरे कथारा क्षेत्र के परियोजना से जुड़े यूनियन के अन्य अधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने भी अपनी-अपनी सदस्यता वापस लेते हुए प्रबंधन को लिखित त्यागपत्र दे दिया है। बतातें चलें कि पिछले दिनों बीएसएफ के केंद्रीय कार्य समिति का चुनाव हुआ था। जिसमें कथित रुप से क्षेत्र के एक विवादित व्यक्ति को पदाधिकारी बनने का यहां के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। इसके बावजूद केंद्रीय नेतृत्व ने उस व्यक्ति को संगठन का केंद्रीय पदाधिकारी बना दिया। इसी से नाराज होकर बड़ी संख्या में अधिकारियों-सदस्यों ने प्रबंधन और संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अपना-अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से इस्तीफा देने वाले ने बताया कि मजदूर हित में जल्द ही किसी श्रमिक संगठन में शामिल होने का निर्णय लिया जाएगा। उधर, उक्त लोगों के इस्तीफा देने से संगठन के सदस्यों की संख्या में भारी कमी होने का अनुमान है।

**बारिश का कहर : बाढ़ जैसे हालात, कुसुंडा के एना कोलियरी में जीरो सिम फेस में पहुंचा पानी**

# धनसार व बस्ताकोला में 4.5 हजार टन कोयले का उत्पादन पूरी तरह ठप: अजय

**बीसीसीएल प्रबंधन ने जल निकासी में लगे चार मोटर पंप को डूबने से बचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

## जोरिया के तेज बहाव के चलते ओबी डंपिंग का रास्ता भी बहा





लगातार बारिश के चलते कोलियरियों में पानी घुसने से ठप पड़ा उत्पादन और डिस्पैच कार्य।

**धनसार।** मानसून की लगातार बारिश का असर बीसीसीएल के विभिन कोलियरी क्षेत्रों में दिखने लगा है। बारिश के चलते कई कोलियरियों का उत्पादन शून्य हो गया है। कोयला डिस्पैच में भी भारी गिरावट आई है। एक ओर जहां प्रबंधन जल निकासी के लिए अतिरिक्त मोटर पंप की व्यवस्था पुख्ता कर खदान कोयला फेस में पानी जमा नहीं होने देने में जुटा है वहीं, कुसुंडा क्षेत्र के एना कोलियरी में कुंवारी नदी जोरिया में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जोरिया का पानी परियोजना के जीरो सिम फेस में पहुंच गया है। बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों ने आनन-फानन में जल निकासी में लगे चार मोटर पंप को डूबने से बचा लिया। पानी बढ़ता देख मोटर को सुरक्षित स्थान पर लाया गया। वहीं जोरिया के समीप ट्रेंच कटिंग कर पानी की धारा को वापस नदी की ओर मोड़ा गया। इसके बाद से परियोजना का उत्पादन ठप है और डिस्पैच भी प्रभावित है। जोरिया के तेज बहाव के पानी ने ओबी डंपिंग के रास्ते को भी बहा दिया है, जिसका असर आने वाले कुछ दिन तक कोयला उत्पादन पर पड़ेगा। वहीं बस्ताकोला ओपन कास्ट परियोजना में लगातार बारिश ने उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है। परियोजना पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि माइंस को सुरक्षित रखने के लिए परियोजना में जल जमाव नहीं होने देने पर ध्यान रखा गया है। बारिश के कारण करीब 3000 टन उत्पादन प्रभावित हुआ। वहीं, डिस्पैच भी पूरी तरह ठप है। वहीं धनसार विश्वकर्मा परियोजना में बारिश का असर दिख रहा है। परियोजना में होने वाले करीब डेढ़ हजार टन कोयला उत्पादन पूरी तरह ठप है। परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा के मध्य नजर कर्मियों को सावधानी बरतने को कहा गया है। परियोजना के समीप से गुजरने वाली कारी जोरिया नदी की साफ-सफाई कर परियोजना फेस में पानी नहीं घुसने देने की तैयारी की गई है।

## गोमिया कुपोषण उपचार केंद्र का प्रखंड प्रमुख और बीडीओ ने किया निरीक्षण



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े और बीडीओ महादेव कुमार महतो ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने कहा कि कोई भी कुपोषित ना रह जाए इसके लिए सरकार हमेशा प्रयत्नशील है। इसके लिए नियुक्त अस्पताल कर्मी बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल करें, ताकि ये लोग जल्दी ठीक हो सकें। वहीं बीडीओ ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुपोषण केंद्र में कुल 10 बेड थे, जिसमें कुल 8 बच्चे सेंटर में एडमिट पाए गए। शेष दो बेड खाली था। खाली दोनों बेडों पर चिन्हित दो बच्चों को यथाशीघ्र एडमिट करने के लिए नोडल एलएस सुषमा कुमारी को निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार गोमिया कुपोषण उपचार केंद्र में कुल 10 बेड की व्यवस्था है। कुपोषित बच्चों को स्वस्थ कर कुपोषण से बाहर निकालने की प्रक्रिया 15 दिनों की होती है। जिसमें हर दो घंटे पर उनलोगों की जांच और पुष्टाहार भोजन दिया जाता है। साथ ही प्रतिदिन उनके वजन की जांच की जाती है। निरीक्षण के क्रम में यह भी पाया गया कि बच्चों को समयानुसार पोषक खाद्य पदार्थ दूध, बादाम, हलुआ, खिचड़ी आदि दिया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख और बीडीओ ने कहा कि जनरल ओपीडी में डॉ पूनम, ओटी असिस्टेंट पूजा कुमारी, एएनएम नीलिमा और हेल्थ वर्कर खुशबू कुमारी उपस्थिति पाई गई। ड्रेसिंग रूम में कार्यरत ड्रेसर रीना कुमारी द्वारा जांच के समय से निरीक्षण तक कुल 6 मरीजों की ड्रेसिंग की गयी। इस मौके पर सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी बलराम मुखी, ब्लॉक लेखा प्रबंधक गौतम कुमार आदि मौजूद थे।

## 'खेलो झारखंड' खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को खेतटांड़ फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा, बीइओ रीना कुमारी और मुखिया धर्मेंद्र रवानी ने किया। खेलो झारखंड में प्रखंड अंतर्गत सभी स्कूलों के बच्चे-बच्चियां भाग लेगी। इसे लेकर प्रखंड स्तरीय टीम तैयार की गयी है। उधर, भारी बारिश के बावजूद कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया। मौके पर बीपीओ राकेश प्रसाद, शिक्षक आदित्य प्रसाद मिर्धा, स्वपन कुमार महतो, परितोष घोषाल, संजीव कुमार, सुशील कुमार, विनीता वाला, सरिता कालिंदी, गीता कुमारी, हन्नान अख्तर और सूर्यकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित नेता ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** विस्थापित नेता सह एचएमकेयू के ढोरी क्षेत्र के अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने शुक्रवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह से रांची स्थित मुख्यालय में जाकर मुलाकात की और बेरमो के विभिन्न मुद्दों पर उनका ध्यान आकर्षित करवाया। कहा कि विस्थापितों की जमीनों के सत्यापन में विलंब हो रहा हैं। रोडसेल में कोयला पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा हैं।

# 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान' योजना को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में लगेगा कैंप : नंदिनी कुमारी

**योजना को सफल बनाने को लेकर मुखिया ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुदा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नंदिनी कुमारी ने की। इसमें 'मंईयां सम्मान योजना' के फार्म भरने को लेकर चर्चा की गयी। मुखिया नंदिनी कुमारी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए गांव-गांव में कैंप कर 21 से 50 वर्ष तक की सभी महिलाओं तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। कहा कि छत्रुटांड़ पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील है कि इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए आगे आयें। बैठक में दिनेश कुमार प्रमाणिक, नीलम प्रभा, श्वेता दशौंधी, गायत्री देवी, सेवंती देवी, रेखा देवी, अहिल्या देवी व पूर्णिमा देवी आदि शामिल थीं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–2231(अनु०)दिनांक 24.07.2024पी०आर० संख्या–330548Building(24-25):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Gate Outlet & Development in the campus of Pashupalan Bhawan, Hesag, Ranchi | 14724200 | Six Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | 06-08-2024 at 03.00 PM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | 13-08-2024 at 03.00 PM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | 14-08-2024 at 03.00 PM | |

एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 331636 (Building) 24-25 (D)

# शहीद शक्ति नाथ महतो शोषण मुक्त समाज के क्रांतिदूत थे: दीप नारायण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने शहीद शक्ति नाथ महतो की 76वीं जयंती मनायी। शुक्रवार को शक्ति चौक स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीद शक्ति नाथ महतो का जीवन गांव, गरीब, मजदूर, किसान, छात्र और नौजवान को अधिकार दिलाने एवं शोषण मुक्त समाज निर्माण के संघर्ष में लगा रहा। वे हमेशा शोषित, पीड़ित, वंचित लोगों की आवाज बने रहे। जिस कारण वे कुछ लोगों के आंख का कांटा बन गये और धोखे से उनकी हत्या कर दी गयी। पर शोषकों को शायद जानकारी नहीं है कि शहीद शक्ति नाथ महतो जैसे क्रांति दूत कभी मरते नहीं। विचारों के माध्यम से वे हमेशा हमलोगों के बीच जीवित रहेंगे। कहा कि हम सभी को शपथ लेना होगा कि अगर समाज और देश के लिए हमें प्राणों की आहूति भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे। जिस लड़ाई को शहीद शक्ति नाथ महतो ने शुरू की थी उसे हमलोग आगे ले जाएं। ऐसा करना ही शहीद शक्ति नाथ महतो के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक शिव प्रसाद महतो, भाजपा नेता निलकंठ रवानी, जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू नेता संजय दे, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जिला महासचिव दीपक महतो, तारा बाबू, महेंद्र दास, सपन दुबे, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष अहमद रजा, पंकज सिंह, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह आदि मौजूद थे।

# निर्मल महतो अध्यक्ष व जितेंद्र तांती महासचिव बने

**झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के फुसरो नगर का हुआ पूर्व विस्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेएलकेएम की फुसरो नगर समिति के विस्तार को लेकर शुक्रवार को वार्ड नंबर 18 स्थित ढोरी बस्ती बैठक में हुई। जिसकी अध्यक्षता और संचालन नगर अध्यक्ष निर्मल महतो ने किया। बैठक में केंद्रीय संगठन मंत्री सह गिरीडीह लोकसभा प्रभारी कमलेश महतो भी शामिल हुए। बैठक में कमलेश महतो को केंद्रीय कोर कमेटी में सदस्य बनाने पर नगर समिति की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी गयी। इसके साथ ही फुसरो नगर समिति का पूर्ण विस्तार किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष निर्मल महतो, उपाध्यक्ष राजू प्रसाद, विकाश कुमार, चितरंजन कुमार, लक्षमण सिंह, उत्तम घांसी, गुलाम सरवर, महासचिव जितेंद्र ताती, सचिव चंद्रदेव महतो, शहजाद अंसारी, पिंटू महतो, संगठन सचिव विक्की गझू, वशिम हुसैन, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार, विजय रविदास और अमित उरांव को बनाया बनाया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर गझू, नरेश गंझू, गणेश महतो, कमल महतो, उमेश महतो, केदार तांती, गुलाम अंसारी, बसंत महतो, रमेश महतो आदि बनाए गए। बैठक में केंद्रीय संगठन सचिव राज कुमार गिरि, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला महामंत्री, मो हाशिम अंसारी, राजू नायक, राजेश महतो, आकाश कुमार, जगेश्वर महतो, संतोष साव, उमेश महतो, योगेंद्र महतो, नरेश गंझू, सुधीर गंझु, धीरज कुमार, देवनारायण महतो, गणेश कुमार, अश्विनी महतो आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 2231 (अनु०) दिनांक 24.07.2024 पी०आर० संख्या– 330548 Building (24-25):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना के क्रम संख्या–1 एवं 2 में Tender Reference No.- BCD/Div.No.-1, Ranchi/20/ 2024-25 एवं BCD/Div.No.-1, Ranchi/21/ 2024-25 के स्थान Tender Reference No.- BCD/Div.No.-1, Ranchi/21/ 2024-25 एवं BCD/Div.No.-1, Ranchi/22/ 2024-25 पढ़ा जाय, एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 331623 Building (24-25)_D

## 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' फॉर्म का वितरण

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के बैदकारो पश्चिमी पंचायत अंतर्गत हिल टॉप कॉलोनी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 62 में शुक्रवार को बेरमो प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य संतोष महतो, सेविका रंजन घोषाल और सहायिका रानी देवी ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना का फार्म महिलाओं के बीच वितरण किया। संतोष महतो ने कहा कि 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिया जायेगा। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को 3 से 10 अगस्त तक पंचायत में लगने वाले शिविर में आवेदन खुद उपस्थित होकर जमा करना होगा। साथ ही राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड की छाया प्रतियां और दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना है। मौके पर ताजिया परवीन, तारा देवी, शबाना परवीन, अंजू देवी, सोमरी देवी आदि मौजूद थीं।

**अभाविप की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आज से**

# वर्तमान परिदृश्य, शैक्षिक एवं सामाजिक विषयों पर होगा मंथन: याज्ञवल्क्य शुक्ल

**देशभर के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ ही नेपाल के भी प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की केंद्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शनिवार से गिरिडीह जिले के मधुबन, पारसनाथ में शुरू होगी। अभाविप की इस दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, एस बालकृष्ण, गोविंद नायक आदि के साथ ही नेपाल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। झारखंड के सुप्रसिद्ध मधुबन, पारसनाथ में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण होगी। जिसमें विद्यार्थी परिषद की पिछली गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही आगामी योजनाओं का निर्धारण होगा। संगठनात्मक दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। जिसमें शिक्षा, समाज, वर्तमान परिदृश्य आदि विभिन्न विषयों सहित संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के बाद आगामी दिशा-योजना निर्धारित होगी और अभाविप के पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के वृत्त व अनुभव पर चर्चा होगी। बैठक में विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में हो रहे परिवर्तन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की स्थिति, अभाविप की संगठनात्मक गतिविधियों पर संवाद के साथ शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों, देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 2024 में आयोजित होने के लिए प्रस्तावित छात्रसंघ चुनावों समेत, परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के उपाय आदि अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी विचार विमर्श कर संगठनात्मक दिशा तय होगी। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि देश के युवाओं और विद्यार्थियों के समक्ष अनेक चुनौतियों के साथ ही अवसर भी हैं। कहा कि वर्तमान में पेपरलीक और कोचिंग संस्थानों में कुप्रबंधन से जुड़े विषयों ने लाखों विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित किया है, जिसका यथाशीघ्र स्थायी समाधान की आवश्यकता है। विद्यार्थी परिषद अपने विभिन्न प्रयासों से शिक्षा और समाज क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में प्रयासरत है। अभाविप की श्रीपारसनाथ केंद्रीय कार्यसमिति बैठक देश के विद्यार्थियों और समाज से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक संवाद से अभाविप के आगामी अभियानों की दिशा तय करेगी।

झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**
**पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा "पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना" हेतु ग्राम–जयपुर, थाना–राँची, थाना संख्या–189, अंचल–काँके, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–4.119 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–4.119 एकड़ है, जो ग्राम–जयपुर, थाना–राँची, थाना संख्या–189, अंचल–काँके, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

मौजा–जयपुर

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 90 | 685 | दोन दो | 0.019 | बंधना उरांव पिता–ठुमा उरांव वगैरह | 684 | 686 | 687 | 680 |
| 2 | 68 | 490 | परती गड़हा | 0.160 | बकास्त भुईहरी | 489 | 687 | 687 | 493 |
| 3 | 130 | 488 | टांड़ दो | 0.018 | बकास्त भुईहरी | 487 | 487 | 486 | 482 |
| 4 | 130 | 487 | दोन तीन | 0.043 | बकास्त भुईहरी | 484 | 486 | 484 | 488 |
| 5 | 130 | 484 | दोन तीन | 0.291 | बकास्त भुईहरी | 380 | 687 | 687 | 487 |
| 6 | 140 | 493 | टांड़ दो | 0.185 | बकास्त भुईहरी | 481 | 492 | 490 | 494 |
| 7 | 140 | 492 | परती कदीम | 0.070 | बकास्त भुईहरी | 493 | 491 | 491 | 493 |
| 8 | 130 | 380 | दोन दो | 0.361 | बकास्त भुईहरी | 398 | 687 | नदी | 381 |
| 9 | 131 | 491 | परती कदीम | 0.240 | गैरमजरुआ मालिक | 492 | 687 | 687 | 493 |
| 10 | 131 | 489 | परती गड़हा | 0.035 | गैरमजरुआ मालिक | 488 | 490 | 486 | 493 |
| 11 | 131 | 486 | परती कदीम | 0.050 | गैरमजरुआ मालिक | 487 | 687 | 484 | 489 |
| 12 | 131 | 485 | परती कदीम | 0.040 | गैरमजरुआ मालिक | 484 | 687 | 687 | 486 |
| 13 | 111 | 687 | परती कदीम | 1.831 | गैरमजरुआ मालिक | 686 | सीमाना | 688 | 677 |
| 14 | 111 | 688 | नदी | 0.776 | गैरमजरुआ मालिक | - | - | - | - |
| | | | Total | 4.119 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–
ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

उपायुक्त,
राँची

PR 331510 (Land Reforms)24-25*D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# एमसीएल के सीएसआर के तहत 100 युवाओं को यूपीएससी/ओपीएससी कोचिंग दी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख कोचिंग पहल उज्ज्वल झारसुगुड़ा - एमसीएल की एक पहल शुरू की। इस परिवर्तनकारी परियोजना का उद्घाटन समारोह गुरुवार को ब्रजराजनगर कॉलेज, ब्रजराजनगर में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश पुजारी माननीय राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री ओड़िशा सरकार उपस्थित थे। इस अवसर पर एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक उदय ए काओले, कलेक्टर झारसुगुड़ा, पुलिस अधीक्षक झारसुगुड़ा और केशव राव, एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) भी उपस्थित थीं।




इस पहल का उद्देश्य झारसुगुडा जिले के छात्रों की व्यावसायिक आकांक्षाओं का समर्थन करना है। इसमें यूपीएससी, ओपीएससी, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग खर्च शामिल होंगे।

प्रत्येक वर्ष, 100 चयनित छात्रों को दो प्रमुख स्थानों पर मुफ्त कोचिंग से लाभ होगाः ब्रजराजनगर कॉलेज, ब्रजराजनगर, और लक्ष्मी नारायण कॉलेज झारसुगुड़ा। उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रसिद्ध संस्थानों द्वारा कोचिंग दी जाएगी। उज्ज्वल झारसुगुड़ा - एमसीएल की एक पहल के अलावा, एमसीएल ने पहले प्रतिष्ठित आइआइटी में प्रवेश के इच्छुक वंचित छात्रों का समर्थन करने के लिए भुवनेश्वर में एमसीएल-सुपर 50 पहल शुरू की है। एमसीएल का ब्राइट फ्यूचर्स प्रोग्राम शैक्षिक अवसरों को बढ़ाने और प्रभावशाली सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक विकास में योगदान देने के लिए कंपनी के समर्पण का प्रतीक है।

# वायनाड प्रभावितों को खाद्य किट देगा राजामुडी ऑर्गेनिक्स

- सात अगस्त को एक ट्रक खाद्य सामग्री रवाना होगी, छह तक डोनेट कर सकते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** वायनाड में आयी प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों को संकट में डाल दिया है। राजामुडी ऑर्गेनिक्स इस कठिन समय के दौरान प्रभावितों के साथ खड़ा हुआ है। राजामुडी ऑर्गेनिक्स प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आवश्यक खाद्य किट देने का निर्णय लिया है। इस किट में 5 किलो सोनामसूरी चावल, 1 किलो तुअर दाल, 3 किलो गेहूं का आटा, 500 ग्राम गुड़, 500 ग्राम का नमक पाउडर शामिल है। कंपनी के सीइओ और फाउंडर नागेंद्र कुमार एच ने बताया कि वायनाड में प्रभावित लोगों के लिए 7 अगस्त को एक ट्रक आवश्यक खाद्य किट भेजेंगे।




## आप भी कर सकते हैं पीड़ितों की मदद

कंपनी के सीइओ और फाउंडर नागेंद्र कुमार एच ने बताया कि आपका समर्थन हमारे प्रयासों को बढ़ा सकता है। हमारे राहत कोष में योगदान से हमें अधिक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। आप भी 6 अगस्त तक दान कर सकते हैं। दान करने के लिए वेबसाइट पर जायें :https://rajamudi.com/products/wayanad-relief-kit. एक किट की कीमत 649 रुपये है। उन्होंने कहा कि हमारे राहत प्रयासों और इसमें शामिल होने के अन्य तरीकों के बारे में अपडेट के लिए सोशल मीडिया पर हमारे साथ जुड़े रहें। यह अभियान सामुदायिक भागीदारी और समर्थन को प्रोत्साहित करते हुए राजामुडी ऑर्गेनिक्स के राहत प्रयासों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करता है। हम साथ मिलकर वायनाड के पीड़ित परिवारों को मदद कर सकते हैं। आपके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद।

# ओड़िशा सीएम ने पर्वतारोही बिभारानी को सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को लोक सेवा भवन में ढेंकनाल जिले के ओडापाड़ा की प्रसिद्ध पर्वतारोही बिभारानी पात्रा को सम्मानित किया। पर्वतारोही को बधाई देने के अलावा मुख्यमंत्री ने उसे सफल चढ़ाई की शुभकामनाएं भी दीं, क्योंकि वह 6 अगस्त को रूस और यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ने के लिए अपनी यात्रा शुरू करने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिभरानी पात्रा का साहस युवाओं के लिए गहन प्रेरणा का स्रोत है और माउंट एल्ब्रस पर उनकी सफल चढ़ाई निस्संदेह उनके और राज्य दोनों के लिए सम्मान की बात होगी। सम्मान समारोह के दौरान ओड़िशा के संसदीय कार्य एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग उपस्थित थे।

यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि बिभरानी ने 2019 में लेह लद्दाख में माउंट स्टोक कांगरी और 2023 में अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो पर चढ़ाई की है। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के अलावा बिभरानी को 2019 में अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय युवा नेता के रूप में मान्यता दी गयी थी।

# ममता महांत भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्यसभा सदस्यता और बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ममता महात गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय में शामिल हो गयीं। उन्होंने भाजपा के ओडिशा प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर, पार्टी महासचिव अरुण सिंह और सांसद प्रदीप पाणिग्राही, संगीता सिंहदेव और राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन सहित ओड़िशा के कई नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया।




# तीन लाख से अधिक की नकदी और आभूषणों के साथ नौ लुटेरे गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बोलनगीर पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली, उन्होंने जिले में चोरी और डकैती के मामलों के आरोपी नौ लुटेरों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी के खिलाफ अलग-अलग थानों में 17 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किये गये सभी आरोपी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से तीन लाख से अधिक रुपये, सोने-चांदी के आभूषण बरामद किये हैं। ये लोग बोलनगीर जिले के विभिन्न मेलों में खिलौने बेचते थे और महिलाओं का पीछा कर उन्हें लूटने का प्रयास करते थे। बलांगीर के एसपी ऋषिकेश खिलारी ने बताया कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच जारी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# गोलामुंडा बीडीओ अक्षमिता कार्तिक गिरफ्तार, 4.92 लाख रुपये जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** धर्मगड गोलामुंडा बीडीओ अक्षमिता कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। रिश्वत की रकम 4.92 लाख रुपये जब्त करने के मामले में विजिलेंस ने 18 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया है। विजिलेंस के हाथ में कई जानकारियां सामने आयी हैं। गुरुवार को विजिलेंस ने उन्हें जारी चौक में उस वक्त पकड़ा था, जब वह भवानीपटना से मीटिंग कर सरकारी गाड़ी से लौट रहे थे। बीडीओ अक्षमिता कार्तिक को 4.92 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। जब विजिलेंस ने पूछा कि उसके पास इतने पैसे कहां से आये, तो बीडीओ ने जब्त किये गये पैसे का सबूत नहीं दे सका। इसके चलते विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में सतर्कता विभाग की चार सदस्यीय टीम शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है।



जानकारी के अनुसार सतर्कता विभाग को जानकारी मिली है कि बीडीओ अक्षमिता कार्तिक कई विभागीय धोखाधड़ी में शामिल थी और उससे पहले भी जब वह नबरंगपुर और रायगढ़ा जिलों में तैनात थी तब भी वह कई विभागीय धोखाधड़ी में शामिल थी। अब भी कोरापुट स्थित पिता के घर, रायगढ़ स्थित पति के घर, गोलामुंडा स्थित सरकारी आवास और भुवनेश्वर स्थित फ्लैट पर छापेमारी जारी है। विजिलेंस विभाग ने गुरुवार को बीडीओ से 4.92 लाख रुपये नकद और एक सरकारी वाहन जब्त किया। विजिलेंस विभाग ने सूचित किया है कि छापेमारी के बाद बीडीओ की अचल संपत्तियों का आकलन किया जायेगा।

# जयपुर में करंट लगने से मां-बेटे की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के कोरापुट जिले के जयपुर में एक दुखद घटना में मां और बेटे की बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार जब बेटा बिजली के तार के संपर्क में आया, तो उसे बचाने के लिए उसकी मां दौड़ी और उसे करंट लग गया। घटना जयपुर के जयंतीगीर इलाके की है। कथित तौर पर बेटा कपड़े सुखाते समय बिजली के तार के संपर्क में आ गया। बेटे को करंट लगते देख मां उसे बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिवार के लोग दोनों को पास के अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके पहले 16 जुलाई को गंजम जिले में रामायण स्टेज शो के दौरान करंट लगने की घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें 19 बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए थे। यह घटना डिगापहांडी तहसील के फासीगुडा गांव में हुई थी।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या : TRD-OT-06-AMC-132 KV-24-25.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि – (36) छत्तीस माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹64,40,393.63, निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य। 3. बीड सिक्युरिटि : ₹1,28,900/–, 4. ई-निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 22.08.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 22.08.2024 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./
पूमरे/धनबाद
पीआर/00817/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/32

# इंजीनियर प्रवास प्रधान के घर ओड़िशा सतर्कता विभाग का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंजीनियर प्रवास कुमार प्रधान पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में ओड़िशा सतर्कता विभाग ने छापेमारी की है। उन्हें बैतरणी बैराज डिवीजन, सलापाड़ा, क्योंझर ए/पी सिंचाई के अधीक्षण अभियंता (एसइ), बालासोर डिवीजन, बालासोर के मुख्य अभियंता के रूप में पदोन्नति के आदेश दिये गये थे। विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, बालासोर द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर ओड़िशा सतर्कता विभाग द्वारा बालासोर जिले में सात स्थानों पर एक साथ घरों की तलाशी ली जा रही है, जिसमें दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, चार पुलिस उपाधीक्षक, छह निरीक्षक, सात सहायक उपनिरीक्षक और अन्य सहायक कर्मचारी शामिल हैं। इंजीनियर प्रवास कुमार प्रधान ने अलग-अलग वर्षों में उपरोक्त प्लॉट अपने नाम से तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम से खरीदे हैं। पंजीकृत बिक्री विलेख का कुल मूल्य 2 करोड़ रुपये से अधिक है। हालांकि, वास्तविक मूल्य इससे अधिक होने की संभावना है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। भवनों-भूखंडों की माप और आकलन सतर्कता तकनीकी विंग द्वारा की जा रही है।



## यहां चल रही है तलाशी

1. प्रधान का पैतृक आवासीय घर, बड़ाबाजार, जालेश्वर, बालासोर में स्थित है।
2. बड़ाबाजार, जालेश्वर, बालासोर में स्थित प्रधान का एक पांच मंजिला नवनिर्मित भवन।
3. बड़ाबाजार, जलेश्वर, बालासोर में प्रधान की एक मंजिला इमारत, चारदीवारी सहित और मार्केट कॉम्प्लेक्स।
4. महिनसामुंडा, बलियापाल, बालासोर स्थित उनके रिश्तेदार का घर।
5. प्रधान का सरकारी क्वार्टर, सरकारी आइटीआइ छक, बालासोर के पास सिंचाई कॉलोनी में स्थित है।
6. बालासोर डिवीजन, बालासोर सरकार के पास प्रधान, एसई का कार्यालय कक्ष। आइटीआइ छक।
7. संतिया, जालेश्वर, बालासोर में उनके करीबी सहयोगी का घर।

## इन संपतियों का खुलासा

1. जालेश्वर में स्थित एक पांच मंजिला इमारत, जिसका क्षेत्रफल लगभग 12,500 वर्ग फुट है।
2. गोबरा घाट, जालेश्वर, बालासोर में लगभग 5650 वर्ग फीट में फैली एक नवनिर्मित आरसीसी छत वाली इमारत, जिसमें चारदीवारी और बाजार परिसर है।
3. 85 भूखंड, जिनमें से 80 भूखंड जलेश्वर में, चार भूखंड देलंगा पुरी में और एक भूखंड पश्चिम बंगाल के सुनकानिया में है।
5. नकद 11,70,980 रुपये।
6. सोना लगभग 218 ग्राम, जिसमें एक सोने का बिस्किट भी शामिल है।
7. बैंक, डाक, बीमा एवं अन्य जमाराशियों का पता लगाया जा रहा है।
8. एक चार पहिया वाहन (इंडिका) और एक स्कूटर (होंडा एक्टिवा)।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**